RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से सरोकार

smarthalchal.com

स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-181 | जयपुर, रविवार, 28 दिसम्बर 2025 | मूल्य-4 रूपये

कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में खरगे ने कहा कि देश का लोकतंत्र गंभीर संकट से घिरा

लोकतांत्रिक अधिकारों के खिलाफ साजिश है एसआईआर

राहुल बोले- मोदी वन मैन शो चला रहे, इसका फायदा 2-3 अरबपतियों को मिल रहा

नई दिल्ली

कांग्रेस मनरेगा का नाम 'VB-जी राम जी' करने का देशव्यापी विरोध करेगी। 5 जनवरी से इसके खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी शनिवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी (CWC) की बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दी।

उन्होंने कहा- मोदी को गांधी सरनेम से दिक्कत है, इसलिए मनरेगा का नाम बदला गया। ये कानून कानून गरीबों को कुचलने और उन्हें दबाने के लिए है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा- मनरेगा सिर्फ योजना नहीं थी, यह अधिकारों का सिद्धांत था। यानी इससे देश के करोड़ों लोगों को मिनिमम वेज (न्यूनतम आय) मिलती थी। मनरेगा बंद करना डायरेक्ट राइट बेस्ड के कॉन्सेप्ट पर आक्रमण है। ये जो पैसा लिया जा रहा है, वो राज्यों से छीनकर केंद्र सरकार ले रहा है। ये पावर और फाइनेंस का कॉन्ट्रेक्शन है। ये फैसला सीधे पीएम हाउस से लिया गया है।

एसआईआर अधिकारों को कम करने की साजिश

दिल्ली में कांग्रेस कार्यसमिति (CWC) की बैठक में खड़गे ने यह भी कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) की प्रक्रिया लोकतांत्रिक अधिकारों को कम करने की सुनियोजित साजिश है। घर-घर जाकर यह सुनिश्चित करें कि गरीब, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक समुदाय के वोटर्स के नाम वोटर लिस्ट न हटें।

मनरेगा को सोनिया गांधी की टीम ने दिया था। लाखों परिवारों का भरण-पोषण दिया। मनरेगा नहीं तो लाखों लोग मर जाते। कांग्रेस हर हाल में मनरेगा की रक्षा करेगी। मजदूरों के अधिकारों के लिए हम संघर्ष करेंगे। केंद्र सरकार ने बिना सलाह के मनरेगा को खत्म किया।

मनरेगा से राष्ट्रपिता गांधी का नाम हटाना। उनका अपमान है। क्योंकि सोनिया गांधी, मनमोहन जी ने मनरेगा को कानून बनाया था। हमने हक दिया। आप नाम बदल रहे हैं। आप केवल गांधी परिवार ही नहीं। इनको महात्मा गांधी का भी नाम नहीं पसंद हैं। गांधी सरनेम से सरकार को दिक्कत है।

जब भारत दुनिया की जब चौथी अर्थव्यवस्था बन चुका है, उनके कहने के मुताबिक, तो मनरेगा जैसी योजना को बंद क्यों किया। आपके पास इतना पैसा है तो अमीर देश को क्यों लूट रहे हैं। अंबानी-अडाणी देश का पैसा डुबो रहे हैं तो मजदूरों को देने के लिए आपके पास पैसा नहीं था। ये सरकार अमीरों के साथ रहने वाली है, ये गरीबों के साथ नहीं है।

मनरेगा को खत्म करना संघीय ढांचे पर सीधा हमला

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा को खत्म करना अधिकार पर आधारिक प्रणाली और देश के संघीय ढांचे पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि यह फैसला गरीबों और राज्यों के अधिकारों को कमजोर करता है। राहुल ने कहा कि मनरेगा केवल एक रोजगार योजना नहीं थी, बल्कि यह एक विकास का ढांचा था। इसने ग्रामीण भारत को मजबूती दी और लोगों को काम करने का अधिकार दिया। प्रधानमंत्री ने बिना मंत्रिमंडल से सलाह लिए मनरेगा को एकतरफा तरीके से खत्म कर दिया।

नोटबंदी जैसा फैसला बताया

राहुल ने इसे राज्यों और गरीब लोगों पर किया गया घातक हमला बताया। उन्होंने कहा कि यह कदम भी उसी तरह एकतरफा है, जैसे पहले नोटबंदी का फैसला लिया गया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस फैसले का विरोध करेगी और इसके खिलाफ लड़ाई लड़ेगी। राहुल गांधी ने भरोसा जताया कि इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष एकजुट होकर सरकार के इस कदम के खिलाफ खड़ा होगा।

उन्नाव रेप: सेंगर की सजा पर सोमवार को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

पीड़ित का आरोप- हाईकोर्ट जज और इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर पूर्व विधायक से मिले हैं

उन्नाव

सुप्रीम कोर्ट उन्नाव रेप केस में दोषी पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर की सजा सस्पेंड करने के खिलाफ 29 दिसंबर को सुनवाई करेगा। केंद्रीय जांच ब्यूरो की याचिका सुनवाई के लिए लिस्ट की गई है। इसमें दिल्ली दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच सुनवाई करेगी।

इससे पहले शनिवार को भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर की जमानत के खिलाफ रेप पीड़ित दिल्ली में CBI ऑफिस पहुंची। जहां उसने बेल के खिलाफ एप्लिकेशन दी। पीड़ित ने कहा- मुझे डेढ़ घंटे इंतजार कराया गया। उसके बाद कर्मचारियों ने मेरी एप्लिकेशन ली। पहले मुझसे कहा गया कि आज छुट्टी है, मंडे को आना। लेकिन बाद में एप्लिकेशन ले ली गई। सोमवार को बुलाया गया है।

पीड़ित ने कहा- इस केस इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर ने मेरे साथ गलत किया है। वो कुलदीप सेंगर और जज से मिल गए हैं। जिसके चलते ही बेल मिली है ताकि रेप विक्टिम हार सके। उसकी हिम्मत टूट जाए। केस में आगे न बढ़ सके।

पीड़ित की मां ने कहा- सीबीआई भले ही सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है, लेकिन हम कैसे भरोसा कर लें। सीबीआई के अफसर मेरे वकील के साथ खड़े हों, तभी तो हम मानेंगे कि वो मेरे साथ हैं। बता दें कि शुक्रवार को सीबीआई कुलदीप सेंगर की जमानत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी।

महिला एक्टिविस्ट को पुलिस उठाकर ले गई

इधर, महिला एक्टिविस्ट योगिता भयाना समेत तमाम महिलाओं ने संसद भवन के बाहर प्रदर्शन किया। योगिता ने कहा- कुलदीप सेंगर को भाजपा सरकार बचा रही है। हमारे देश की बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। हम चाहते हैं कि उन्नाव रेप कांड की पीड़िता को न्याय मिले। उत्तराखंड की अंकिता भंडारी के मामले में भी दोषियों को बचाया जा रहा है। इन घटनाओं से देश की महिलाएं डरी हुई हैं।

दिनभर शांति पूर्ण प्रदर्शन के बाद पुलिस ने उनसे उठने को कहा। लेकिन वो धरने पर बैठी रहीं। जिसके बाद पुलिस उन्हें और अन्य महिलाओं को खींचकर टांग ले गई।

इसके अलावा युवा कांग्रेस नेता भी संसद भवन के बाहर धरने पर बैठ गए। जिसके चलते पुलिस से उनकी हॉट टॉक भी हुई। पुलिस उनसे कहती रही कि आप यहां धरना प्रदर्शन नहीं कर सकते।

साउथ अफ्रीका दौरे के लिए वैभव अंडर-19 टीम इंडिया के कप्तान बने

वर्ल्ड कप में आयुष म्हात्रे ही कप्तान होंगे

मुंबई

14 साल के वैभव सूर्यवंशी को भारतीय अंडर-19 टीम का कप्तान बनाया गया है। वे साउथ अफ्रीका दौरे पर टीम की कप्तानी करेंगे। हालांकि, वर्ल्ड कप में आयुष म्हात्रे ही कप्तान होंगे। वे इंजरी के कारण साउथ अफ्रीका दौरे से बाहर हैं। बीसीसीआई ने शनिवार को साउथ अफ्रीका टूर और अंडर-19 वर्ल्ड कप के लिए टीम का ऐलान किया है। बोर्ड ने विहान मल्होत्रा को वर्ल्ड कप के लिए उपकप्तान बनाया है। विहान भी इंजरी के कारण साउथ अफ्रीका नहीं जा रहे हैं। भारत की युवा टीम का साउथ अफ्रीका दौरा 3 जनवरी से शुरू होगा। इसमें 3 वनडे खेले जाएंगे। इसके बाद टीम इंडिया 15 जनवरी से जिम्बाब्वे और नामीबिया में आयोजित होने वाले वर्ल्ड कप में हिस्सा लेगी।

जम्मू-कश्मीर में कड़ाके की ठंड में भी सेना एक्शन में

बर्फीले और दुर्गम पहाड़ों में गश्त बढ़ाई, आतंकियों की तलाश

श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में कड़ाके की ठंड और 40 दिन की चिल्लई कलां के बावजूद भारतीय सेना ने किश्तवाड़ और डोडा जिलों में आतंकियों के खिलाफ अभियान और तेज कर दिया है। सुरक्षा सूत्रों के मुताबिक, सेना ने बर्फ से ढके ऊंचे और दुर्गम पहाड़ी इलाकों में गश्त बढ़ा दी है।

खुफिया आकलन के अनुसार, जम्मू क्षेत्र में 30 से 35 पाकिस्तानी आतंकी सक्रिय हैं। लगातार सर्चिंग और स्थानीय समर्थन कमजोर पड़ने के कारण ये आतंकी आबादी से दूर मध्य और ऊपरी पहाड़ी इलाकों में छिपने की कोशिश कर रहे हैं।सेना ने अस्थायी बेस, निगरानी पोस्ट और गश्ती ग्रिड बनाकर ऊंची पहाड़ियों, जंगलों और घाटियों में नियमित पेट्रोलिंग शुरू की है। पहले सर्दियों में आतंकी गतिविधियों में कमी आती थी, लेकिन अब सेना ने प्रो-एक्टिव विंटर स्ट्रैटेजी अपनाई है।

स्पेशल विंटर वॉरफेयर यूनिट्स भी तैनात की गई

अभियान जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ, एसओजी, सिविल प्रशासन, वन विभाग और ग्राम रक्षा दल के साथ तालमेल में चल रहा है। आतंकियों की निगरानी के लिए ड्रोन, थर्मल इमेजर, ग्राउंड सेंसर और रडार का इस्तेमाल किया जा रहा है।

स्पेशल विंटर वॉरफेयर यूनिट्स भी तैनात की गई हैं। सुरक्षा बलों का लक्ष्य आतंकियों को खत्म करना और उन्हें दूर-दराज, मुश्किल पहाड़ी इलाकों तक ही सीमित रखना है।

80 गांवों में सर्च ऑपरेशन

सीमा से सटे इलाकों में आतंकियों की घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम करने के लिए सेना, बीएसएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस पिछले 10 दिन से संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन चला रही है। यह सर्चिंग बॉर्डर एरिया के 80 से ज्यादा गांवों में चलाया जा रहा है।

शिवराज बोले-हर भारतीय को एक दक्षिण भारतीय भाषा सीखनी चाहिए

इससे राष्ट्रीय एकता मजबूत होगी

चेन्नई

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि हर भारतीय को कम से कम एक दक्षिण भारतीय भाषा जरूर सीखनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि वे खुद भी किसी एक दक्षिण भारतीय भाषा को सीखने की कोशिश कर रहे हैं। चौहान शनिवार को तमिलनाडु के होसुर में आयोजित मेगा किसान संगोष्ठी में शामिल हुए। यह कार्यक्रम सदुरु जग्गी वासुदेव के ईशा फाउंडेशन की ओर से आयोजित किया गया था। इस दौरान शिवराज ने कहा कि भारत की भाषाई विविधता हमारी ताकत है और एक-दूसरे की भाषाएं सीखने से राष्ट्रीय एकता और आपसी समझ मजबूत होती है।

चौहान ने कहा कि सदुरु जग्गी वासुदेव के अनुभवों से प्रेरित होकर सरकार वृक्ष आधारित कृषि को लेकर एक नई नीति बनाने पर काम करेगी।

दिग्विजय सिंह ने की संघ की तारीफ: मोदी की पुरानी फोटो पोस्ट कर लिखा-

फर्श पर बैठने वाला सीएम-पीएम बना, यही संघठन की ताकत

भोपाल। मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी की पुरानी तस्वीर साझा कर संघ और भाजपा संगठन की तारीफ की है। आरएसएस के खिलाफ अपने बयानों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहने वाले कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर कर सभी को हैरान कर दिया है। उन्होंने एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी की एक पुरानी तस्वीर पोस्ट कर आरएसएस और भाजपा संगठन की तारीफ करते हुए कहा कि यह तस्वीर को संघ और भाजपा की

'संगठन शक्ति' का उदाहरण बताया। दिग्विजय सिंह ने शनिवार को एक्स पर एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर शेयर की है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी के पास जमीन पर बैठे हैं। साथ ही दिग्विजय सिंह ने दिलचस्प टिप्पणी करते हुए कैप्शन में लिखा कि आरएसएस का जमीनी स्वयंसेवक व भाजपा का कार्यकर्ता नीचे बैठकर मुख्यमंत्री और फिर पीएम बना और यही संगठन की ताकत को दर्शाता है। इसके साथ ही उन्होंने जय सिया राम भी लिखा है। इस पोस्ट के जरिए दिग्विजय सिंह ने भाजपा और उसके वैचारिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संगठनात्मक ढांचे की तारीफ की। उन्होंने यह संदेश देने की कोशिश की किस तरह जमीनी स्तर पर काम करने वाला कार्यकर्ता आगे बढ़कर बड़े संवैधानिक पदों तक पहुंच सकता है। उन्होंने बताया कि यह तस्वीर उन्हें क्रोरा पर मिली थीं। स्क्रीनशॉट में गुजरात में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान आडवाणी के पास बैठे युवा नरेंद्र मोदी दिखाई दे रहे हैं।

असम में 4.2 तीव्रता का भूकंप, दहशत

गुवाहाटी।

राज्य के विभिन्न हिस्सों में शनिवार शाम करीब 6.12 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे लोगों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.2 मापी गई। जानकारी के अनुसार भूकंप का अभिकेंद्र ढेकियाजुली के समीप बताया जा रहा है।

झटके महसूस होते ही कई लोग एहतियातन घरों से बाहर निकल आए। हालांकि अब तक किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

दलदल में फंसे बच्चे, 1 घंटे तक चीखते रहे

पत्थर डालकर लोगों ने रास्ता बनाया, साड़ी और रस्सी से बांधकर बाहर निकाला

कोटा

कोटा में स्टोन फैक्ट्री की पॉलिश (स्लरी) के दलदल में तीन बच्चे फंस गए। दलदल 4 फीट गहरा था। जान बचाने के लिए एक घंटे तक बच्चे चीखते रहे, लेकिन फैक्ट्रियों की मशीनें चालू होने की वजह से किसी ने बच्चों की आवाज नहीं सुनी। जैसे ही मशीनें बंद हुईं लोगों को घटना का पता लगा।

आसपास के लोग भागकर पहुंचे और और दलदल में पत्थर डालकर रास्ता बनाया। फिर बच्चों को निकालने लगे, लेकिन सफल नहीं हुए। आधे घंटे बाद साड़ी और रस्सी से बांधकर बाहर निकाला। घटना रामगंजमंडी क्षेत्र के अमरपुरा स्थित औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार दोपहर 1 बजे के आसपास हुई।

कुम्भकोट और अमरपुरा के बीच सैकड़ों कोटा स्टोन की फैक्ट्रियां हैं। यहां निजी जमीन पर डंपिंग यार्ड बना हुआ है,जहां कोटा स्टोन की स्लरी डाली जाती है।

अरावली के संरक्षण के लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध: सीएम

अवैध खनन के खिलाफ चलाएं विशेष अभियान

जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्पष्ट किया है अरावली पर्वतमाला राजस्थान की अमूल्य प्राकृतिक धरोहर है और इसके स्वरूप के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अरावली के संरक्षण को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है और अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री निवास पर शनिवार को वन एवं पर्यावरण तथा खान विभाग की समीक्षा बैठक लेते हुए मुख्यमंत्री ने अरावली जिलों में वन, पर्यावरण, खान और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से अवैध खनन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि राज्य सरकार द्वारा अरावली क्षेत्र में किसी भी प्रकार के नए खनन की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस संबंध में केंद्र सरकार के निर्देश भी स्पष्ट हैं, जो पूरे अरावली भू-भाग पर समान रूप से लागू होंगे। इससे पर्वतमाला का प्राकृतिक स्वरूप सुरक्षित रहेगा और अनियमित खनन पर प्रभावी रोक लगेगी। मुख्यमंत्री शर्मा ने बताया कि खनन लीज जारी करते समय सुप्रीम कोर्ट और सीईसी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों सहित सभी पर्यावरणीय मानकों का सख्ती से पालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा अरावली को हरा-भरा बनाने के लिए राज्य सरकार ने 250 करोड़ रूपए की लागत से 'हरित अरावली विकास परियोजना' शुरू की है।

इस परियोजना के तहत अरावली क्षेत्र के जिलों में करीब 32 हजार हेक्टेयर भूमि पर सघन वृक्षारोपण किया जा रहा है। बैठक में मुख्यमंत्री कार्यालय, वन एवं पर्यावरण विभाग तथा खान विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

प्रदेश के कई जिलों में कांग्रेस का प्रदर्शन

अजमेर में कार्यकर्ताओं और पुलिस में झड़प, अरावली बचाने के लिए सिर मुंडवाया

सीकर। दौसा में कांग्रेस के अरावली बचाओ विरोध-प्रदर्शन के दौरान विवाद हो गया। डाक बंगले के मीटिंग हॉल का ताला बंद मिलने पर कांग्रेस कार्यकर्ता गुस्सा गए। उन्होंने गेट का ताला तोड़ने का प्रयास किया।

अलवर में युवाओं ने अरावली बचाने के लिए सिर मुंडवाया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता सचिवालय के पास बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। वहीं महिलाओं ने डीजे पर नाचते हुए अरावली बचाने का संदेश दिया। वहीं धौलपुर में प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता आपस में भिड़ गए।

दौसा में कांग्रेस ने नेहरू गार्डन से गांधी तिराहे तक पैदल मार्च निकाला। तिराहे पर महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण के बाद सभी कांग्रेसी डाक बंगले पहुंचे। मीटिंग हॉल का ताला बंद मिला। इसके बाद सांसद-विधायक समेत सभी नेता और कार्यकर्ता लॉन में बैठ गए।

इस दौरान कांग्रेस नेताओं को बैठने के लिए कुर्सी तक नहीं मिली। सांसद ने किसी अधिकारी को फोन कर कुर्सियों के लिए भी कहा। इसके बावजूद व्यवस्था नहीं हुई। जिलाध्यक्ष रामजीलाल ओढ़ के समझाने पर मामला शांत हो गया।

चीनी ट्रेन 2 सेकेंड में 700 किमी प्रति घंटा की स्पीड तक पहुंची

रफ्तार का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया, इंजीनियर्स को 10 साल बाद मिली सफलता

बीजिंग

चीन के वैज्ञानिकों ने ऐसी मैग्लेव ट्रेन का सफल परीक्षण किया है, जो सिर्फ दो सेकेंड में 700 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक पहुंच गई। यह इतनी तेज है कि आंखों से उसे ठीक से देख पाना भी मुश्किल हो जाता है।

चीन की नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ डिफेंस टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों ने गुरुवार को इस सुपरफास्ट ट्रेन का टेस्ट किया। करीब एक टन वजन वाली इस ट्रेन को 400 मीटर लंबे खास ट्रैक पर चलाया गया।

टेस्ट के दौरान ट्रेन ने कुछ ही पलों में रिकॉर्ड स्पीड पकड़ ली और फिर उसे सुरक्षित तरीके से रोक भी दिया गया। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह अब तक की सबसे तेज सुपरकंडक्टिंग इलेक्ट्रिक मैग्लेव ट्रेन है। इंजीनियरों की टीम पिछले 10 साल से इस प्रोजेक्ट पर काम कर रही थी। इसी साल जनवरी में इसी ट्रैक पर ट्रेन को 648 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक पहुंचाया गया था, लेकिन अब 700 किमी प्रति घंटे का आंकड़ा पार कर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है।

नवजात की सौदेबाजी : 7 दिन के बच्चे को 6 लाख में बेचने की कोशिश, पांच गिरफ्तार

ठाणे (एजेंसी)। महाराष्ट्र के ठाणे जिले से मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है, जहां महज सात दिन के एक नवजात शिशु को 6 लाख रुपये में बेचने की कोशिश करते हुए पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई शहर पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल ने खुफिया सूचना के आधार पर की। पुलिस के अनुसार, बुधवार रात पश्चिम इलाके में एक होटल के पास जाल बिछाया गया। गिरोह की गतिविधियों की पुष्टि के लिए पुलिस ने एक नकली ग्राहक (डिकॉय बायर) को इस्तेमाल किया। सौदे की शुरुआती पुष्टि के तौर पर गिरोह को 20 हजार रुपये यूपीआई के जरिए दिए गए, जबकि बाकी 5.8 लाख रुपये नकद देने की बात तय हुई थी। जैसे ही डिकॉय ग्राहक ने सौदे की सूचना पुलिस को दी, टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और सभी पांच आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शंकर संभाजी मनोहर (36), रेशमा शाहाबुद्दीन शेख (35), इगतपुरी निवासी एजेंट नितिन संभाजी मनोहर (33) और शेखर गणेश जाधव (35) तथा मुंबई के मानखुर्द निवासी एजेंट आसिफ चांद खान (27) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि गिरोह की एक अन्य सदस्य सबीना फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश जारी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह मामला केवल एक नवजात तक सीमित नहीं हो सकता, बल्कि इसके पीछे शिशु तस्करी का बड़ा रैकेट सक्रिय हो सकता है, जिसमें निःसंतान दंपतियों को निशाना बनाया जाता है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, अब बच्चे की जैविक मां की पहचान की जा रही है और यह भी जांच की जा रही है कि क्या किसी अस्पताल या नर्सिंग होम की इसमें भूमिका है। बरामद नवजात को फिलहाल एक विशेष देखभाल केंद्र में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस का कहना है कि इस मामले की गहराई से जांच की जा रही है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां संभव हैं।

वायु प्रदूषण बन रहा बड़ा स्वास्थ्य संकट, अस्पतालों में बढ़ी नए मरीजों की संख्या

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में वायु प्रदूषण कोविड-19 महामारी के बाद सबसे बड़ा स्वास्थ्य संकट बन गया है। ब्रिटेन में काम करने वाले भारत के कई सीनियर डॉक्टरों ने इसको लेकर चिंता जाहिर की और दावा किया है। डॉक्टरों ने कहा कि आने वाले सालों में प्रदूषण से लोगों की सेहत और देश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर लंबे समय तक असर पड़ेगा। अगर तत्काल ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह समस्या हर साल और गंभीर होती जाएगी। पिछले 10 सालों में हृदय रोगों में बढ़ोतरी को मोटापे से जोड़ा गया, लेकिन इसमें कारों और विमानों से निकलने वाले जहरीले तत्वों की बड़ी भूमिका है। भारत सरकार की कोविड-19 एडवाइजरी कमेटी के पूर्व सदस्य मनीष गौतम ने कहा कि वायु प्रदूषण पर सरकार का फोकस जरूरी है, लेकिन इसमें काफी देरी हो चुकी है। उत्तर भारत में रहने वाले लाखों लोगों में नुकसान पहले ही हो चुका है। जो इलाज हो रहा है, वह समस्या का केवल एक छोटा हिस्सा है। सिरदर्द, थकान, हल्की खांसी, गले में जलन, पाचन संबंधी दिक्कत, आंखों में सूखापन, त्वचा पर रैश और बार-बार संक्रमण जैसे शुरुआती लक्षण अक्सर मामूली समझकर नजरअंदाज कर दिए जाते हैं, जबकि ये गंभीर बीमारियों के संकेत हो सकते हैं। डॉक्टरों के मुताबिक दिसंबर में दिल्ली के अस्पतालों में सांस संबंधी मरीजों की संख्या में 20 से 30फीसदी बढ़ी है। इनमें कई युवा और पहली बार इलाज कराने वाले मरीज शामिल थे।

अभिनेत्री पर्णो मित्रा टीएमसी में शामिल, बंगाल चुनाव से पहले बीजेपी को बड़ा झटका

कोलकाता(एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव पहले ही नेताओं के एक से दूसरी पार्टी में जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ चुकी बंगाली अभिनेत्री पर्णो मित्रा ने पार्टी छोड़ दी। पर्णो मित्रा ने बीजेपी छोड़कर टीएमसी का दामन थाम लिया है। पश्चिम बंगाल की प्रसिद्ध टीवी अभिनेत्री पर्णो मित्रा ने कार्यक्रम के दौरान औपचारिक रूप से टीएमसी की सदस्यता ग्रहण कर ली। टीएमसी में पहुंचते ही पर्णो ने अपने बीजेपी में शामिल होने के फैसले को गलती बताया है। उन्होंने कहा कि अब उन गलतियों को सुधारने का समय है। बंगाली अभिनेत्री पर्णो ने सीएम ममता बनर्जी की अगुवाई में टीएमसी शामिल करने को अपने लिए बड़ा मौका भी बताया। उन्होंने बीजेपी को लेकर कहा कि छह साल पहले मैं बीजेपी में शामिल हुई थी। वहां चीजें ठीक नहीं थीं। गौरतलब है कि पर्णो मित्रा बंगाल में टीवी का लोकप्रिय चेहरा हैं। बीजेपी ने 2021 के बंगाल विधानसभा चुनाव में पर्णो को उम्मीदवार भी बनाया था। हालांकि, पर्णो मित्रा तब चुनाव हार गई थीं। चुनाव प्रचार के दौरान उनके काफिले पर हमले की घटना भी हुई थी, जिसके बाद सियासत गर्मा गई थी।

सेंगर को जमानत के विरोध में कोर्ट के बाहर महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर उन्नाव रेप केस में दोषी पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को मिली सशर्त जमानत के खिलाफ महिलाओं और अन्य प्रदर्शनकारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्नाव रेप पीड़िता के परिवार और महिला कार्यकर्ताओं ने कोर्ट परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। दिल्ली पुलिस ने कहा कि वहां विरोध प्रदर्शन गैर-कानूनी है और प्रदर्शनकारियों को जंतर-मंतर जाने की सलाह दी। पीड़िता की मां ने जमानत को अवैध बताकर कहा कि वह न्याय के लिए सुप्रीम कोर्ट जाएगी। उन्होंने कहा कि सेंगर की जमानत तुरंत खारिज होनी चाहिए और यदि न्याय नहीं मिला तो वे अन्य देशों में भी कानूनी उपाय ढूंढेंगी। महिला कार्यकर्ता योगिता भयाना ने बताया कि वे शांतिपूर्वक न्याय की मांग लेकर आई हैं और अगर याचिका पर सुनवाई नहीं हुई, तब विरोध किया जाएगा। कांग्रेस नेता मुमताज पटेल ने हाईकोर्ट के फैसले की आलोचना कर इस महिलाओं के आत्मविश्वास को कम करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि सेंगर को तकनीकी कारणों से क्लीन चिट देना देश में गलत मिसाल साबित करता है। दरअसल दिल्ली हाईकोर्ट ने सेंगर को जमानत दी है, जबकि वह फिलहाल नाबालिग से रेप और पिता की हत्या मामले में जेल में हैं। जमानत शर्तों में 15 लाख रुपये का बेल बॉन्ड जमा करना शामिल है। सेंगर को पीड़िता के 5 किलोमीटर के इलाके में नहीं जाने और परिवार से संपर्क न करने के निर्देश भी दिए गए हैं। पिता की हत्या के मामले में उनका जेल में ही रहना तय है और दिल्ली हाईकोर्ट में अपील लंबित है।

हाईकोर्ट ने कहा- भारत में भी बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने के उपायों पर करें विचार

चेन्नई (एजेंसी)। मद्रास हाईकोर्ट ने बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा और इंटरनेट पर अश्लील सामग्री की आसानी से उपलब्धता को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। एक महत्वपूर्ण जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने केंद्र सरकार को सुझाव दिया है कि वह ऑस्ट्रेलिया की तर्ज पर 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने से जुड़े कानून की संभावनाओं पर गंभीरता से विचार करे। न्यायमूर्ति जी. जयचंद्रन और न्यायमूर्ति के. के. रामकृष्णन की पीठ ने माना कि वर्तमान डिजिटल युग में बच्चे बेहद संवेदनशील और असुरक्षित स्थिति में हैं, जिन्हें इंटरनेट के खतरों से बचाना अनिवार्य है।

यह मामला वर्ष 2018 में मदुरै निवासी एस. विजयकुमार द्वारा दायर एक जनहित याचिका से जुड़ा है। याचिकाकर्ता ने मांग की थी कि इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (आईएसपी) को पैरेंटल कंट्रोल या पैरेंटल विंडो जैसी सेवाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जाएं, ताकि बच्चों को पोर्नोग्राफिक और आपत्तिजनक सामग्री तक पहुंचने से रोका जा सके। सुनवाई के दौरान

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने ऑस्ट्रेलिया के उस हालिया कानून का उदाहरण दिया, जिसमें 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग को प्रतिबंधित कर दिया गया है। अदालत ने इस तर्क से सहमति जताते हुए कहा कि भारत को भी इस दिशा में ठोस विधायी कदम उठाने की आवश्यकता हो सकती है।

अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि संबंधित प्राधिकरणों और बाल अधिकार संरक्षण आयोगों द्वारा पेश किए गए हलफनामे यह विश्वास दिलाने में विफल रहे हैं कि वे अपनी वैधानिक जिम्मेदारियों का पूरी तरह निर्वहन कर रहे हैं। पीठ ने स्पष्ट किया कि केवल कुछ वेबसाइटों को ब्लॉक कर देना ही पर्याप्त नहीं है, क्योंकि बाल यौन शोषण और अश्लील सामग्री ऑनलाइन जगत में अलग-अलग रूपों में मौजूद रहती है। इस पर प्रभावी नियंत्रण तभी संभव है जब यूजर-स्तर पर पैरेंटल कंट्रोल ऐप्स उपलब्ध हों और अभिभावकों को इसके प्रति जागरूक किया जाए। अदालत ने यह भी रेखांकित किया कि स्कूलों में चलाए जा रहे वर्तमान जागरूकता कार्यक्रम नाकाफी हैं। पीठ ने केंद्र और राज्य स्तर के बाल अधिकार संरक्षण आयोगों को निर्देश दिया कि वे समाज के विभिन्न वर्गों में बाल अधिकारों और ऑनलाइन सुरक्षा उपायों को लेकर एक ठोस कार्ययोजना तैयार करें। अदालत ने अंत में टिप्पणी की कि हालांकि किसी सामग्री तक पहुंचना व्यक्ति का चुनाव हो सकता है, लेकिन बच्चों के मामले में समाज और सरकार की जिम्मेदारी कहीं अधिक बढ़ जाती है। इसी के साथ अदालत ने उम्मीद जताई कि भविष्य में इस दिशा में सख्त कानून और व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे।

पावर सेंटर 10 सर्कुलर रोड से लालू परिवार की विदाई, रातों रात खाली हुआ राबड़ी का आवास

पटना। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी सरकारी आवास और बिहार की सियासत में करीब दो दशकों तक सत्ता और विपक्ष की धुरी रहा 10 सर्कुलर रोड बंगला अब खाली होने होने लगा है। राबड़ी देवी को राज्य सरकार द्वारा जारी नोटिस के बाद अब वहां से सामान शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। गुरुवार देर रात इस आवास से पिक-अप वैन के जरिए सामान बाहर निकलते देखा गया, जिसने राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह समाना किस स्थान पर भेजा गया है। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, देर रात तक पिकअप वाहनों की आवाजाही जारी रही। नई सरकार के गठन के बाद भवन निर्माण विभाग ने राबड़ी देवी को एक महीने पहले बंगला खाली करने का निर्देश दिया था। 2006 से 10 सर्कुलर आवास में रह रहे लालू परिवार के लिए सरकार ने हार्डिंग रोड में नया आवास आवंटित किया है। हालांकि, तब आरजेडी प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने इस आदेश का कड़ा विरोध किया था और इसे राजनीतिक विद्वेष बताया था। लेकिन अब सामान की शिफ्टिंग से स्पष्ट हो गया है कि परिवार ने बंगला खाली करने का मन बना लिया है। साल 2005 में सत्ता गंवाने के बाद लालू-राबड़ी परिवार 1 अणे मार्ग से निकलकर 10 सर्कुलर रोड में शिफ्ट हुआ था। तब से यह आवास राजद की हर छोटी-बड़ी गतिविधि का गवाह रहा है। इधर, पटना के महुआबाग इलाके में लालू-राबड़ी परिवार का निजी बंगला भी लगभग तैयार है। कहा जा रहा है कि भविष्य में लालू परिवार उसी निजी आवास में शिफ्ट हो सकता है।

महाराणा प्रताप पर टिप्पणी के बाद पंजाब के राज्यपाल को मिली जान से मारने की धमकी

चंडीगढ़, (एजेंसी)। पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को जान से मारने की धमकी मिली है। सोशल मीडिया पर दी गई इस धमकी का कुछ लोग समर्थन करते भी नजर आ रहे हैं। ये धमकी क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत के नाम से की गई एक पोस्ट में कटारिया के खिलाफ अपमानजनक और हिंसक भाषा का इस्तेमाल किया गया है।

यह धमकी तीन दिन पहले उदयपुर जिले के गोगुंदा क्षेत्र में महाराणा प्रताप को लेकर दिए गए कटारिया के बयान के बाद सामने आई है। बता दें कि 22 दिसंबर को गोगुंदा में एक कार्यक्रम के दौरान कटारिया ने महाराणा प्रताप और उनके शासन को लेकर बयान दिया था, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया। पुलिस ने साफ किया है कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की धमकी या भड़काऊ बयानबाजी को गंभीरता से लिया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कटारिया के इस बयान को लेकर विभिन्न संगठनों और लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। सोशल मीडिया पर कुछ लोग धमकी भरी पोस्ट का समर्थन करते भी नजर आए, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है। हालांकि, अब तक राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया की ओर से इस संबंध में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं करवाई गई है। कटारिया ने भी इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। इस बीच उदयपुर के पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में आया है और सोशल मीडिया पोस्ट की जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि पोस्ट किस अकाउंट से और किन हालात में की गई थी, साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि कहीं इसके पीछे किसी साजिश या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का इरादा तो नहीं है।

राहुल गांधी के विदेश दौरों पर भारतीय दूतावास के अधिकारी रखते हैं नजर

-ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा का दावा

तिरुवंतमपुरम (एजेंसी)। नई दिल्ली,(ईएमएस)। ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा ने दावा किया है कि राहुल गांधी के विदेश दौरों के दौरान भारतीय दूतावास के अधिकारी उन पर नजर रखते हैं और कई बार विदेशी नेताओं से उन्हें न मिलने को कहा जाता है। पित्रोदा ने राहुल गांधी के दौरे को लेकर यह दावा किया है। इसमें उन्होंने कहा कि मैंने खुद देखा है कि राहुल गांधी के होटल, मीटिंग्स और एयरपोर्ट पर उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। हालांकि इसके सबूत नहीं हैं, लेकिन अनुभव के आधार पर यह बात कह रहा हूं।



वहीं सैम पित्रोदा ने बीजेपी के राहुल गांधी पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाने के आरोपों को पूरी तरह खारिज किया। जर्मनी दौरे की टाइमिंग पर उन्होंने कहा कि विदेश यात्राएं अचानक तय नहीं होतीं, बल्कि महीनों पहले से उनका कार्यक्रम बनता है। राहुल गांधी पर विदेश जाकर भारत की छवि खराब करने के आरोपों पर उन्होंने कहा कि सच तो सच होता है, चाहे वह भारत में बोला जाए या विदेश में। डबल स्टैंडर्ड नहीं हो सकते।

जॉर्ज सोरोस और विदेशी फंडिंग से जुड़े आरोपों पर पित्रोदा ने कहा कि ये पूरी तरह बेबुनियाद हैं। राहुल गांधी या कांग्रेस का किसी भी तरह के एंटी-इंडिया नेटवर्क से कोई संबंध नहीं है। सब बकवास है। हम यूनिवर्सिटी जाते हैं, पब्लिक स्पेस में बात करते हैं। कौन किससे जुड़ा है, हमें न पता है और न हमें फर्क पड़ता है। क्रिसमस के दौरान चर्चों पर हमलों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा पर उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की हिंसा की समाज में कोई जगह नहीं है। ऐसी घटनाएं भारत की छवि को नुकसान पहुंचाती हैं और यह नफरत का नतीजा हैं।

सैम पित्रोदा ने कहा कि मनरेगा की जगह लाए गए जी-राम-जी कानून में राम के नाम का इस्तेमाल क्यों किया गया। महात्मा गांधी के नाम से योजना चल रही थी, उसमें क्या दिक्कत थी? प्रधानमंत्री किसी एक समुदाय के नहीं, पूरे देश के होते हैं। धर्म निजी आस्था हो सकती है, लेकिन शासन की प्राथमिकता नहीं। लोकतंत्र और चुनाव प्रणाली पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि भारत समेत कई देशों में संस्थाएं दबाव में हैं। ईवीएम, वोटर लिस्ट और चुनाव आयोग को लेकर भरोसे की कमी है। दुनिया के कई देशों हंगरी, तुर्की, अमेरिका और भारत में लोकतांत्रिक संस्थाएं दबाव में हैं।

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रही हिंसा को लेकर पित्रोदा ने कहा कि भारत को सबसे पहले अपने पड़ोस पर ध्यान देना चाहिए। हिंसा कहीं भी हो, उसका कोई औचित्य नहीं है। भारत अगर 'विश्व गुरु' बनना चाहता है तो पहले अपने पड़ोस बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान में स्थिरता और शांति के लिए नेतृत्व दिखाना होगा।

अरावली पहाड़ी मामला: जयराम रमेश ने उठाए सवाल कहा- ये केवल विनाशकारी कदम

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने अरावली पर्वतमाला को लेकर मोदी सरकार द्वारा दी गई नई परिभाषा पर कड़ा सवाल उठाया है। उन्होंने इसे न केवल विशेषज्ञों की राय के विरुद्ध, बल्कि खतरनाक और पर्यावरण के लिए विनाशकारी बताया है।

जयराम रमेश ने फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया (एफएसआई) के आधिकारिक और प्रामाणिक आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि अरावली को ऊँचाई के आधार पर परिभाषित करना पूरी तरह से अवैज्ञानिक और संदिग्ध है। एफएसआई के अनुसार, 20 मीटर से अधिक ऊँचाई वाली अरावली पहाड़ियों में से केवल 8.7 प्रतिशत ही 100 मीटर से अधिक ऊँची हैं। वहीं, यदि एफएसआई द्वारा चिन्हित सभी अरावली पहाड़ियों को शामिल किया जाए, तो उनमें से 1 प्रतिशत से भी कम 100 मीटर से अधिक ऊँचाई वाली हैं।

एफएसआई का स्पष्ट और संतुलित मत है कि ऊँचाई के आधार पर सीमाएँ तय करना उचित नहीं है, और अरावली की पूरी पर्वतमाल चाहे उसकी ऊँचाई कुछ भी हो उसको संरक्षण मिलना चाहिए। लेकिन सरकार की नई परिभाषा इसके ठीक उलट दिशा में जाती दिखाई दे रही है।

क्षेत्रफल के लिहाज़ से इसका सीधा अर्थ यह निकलता है कि सरकार की नई परिभाषा लागू होने पर अरावली का 90 प्रतिशत से भी अधिक हिस्सा संरक्षण से बाहर हो जाएगा। इससे यह क्षेत्र खनन, रियल एस्टेट और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों के लिए खोल दिया जाएगा, जो पहले से ही गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त इस नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र पर और भी गहरा आघात पहुँचाएगा।

जयराम रमेश ने इसे मोदी सरकार द्वारा पारिस्थितिक संतुलन पर सुनियोजित हमले का एक और उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि यह कदम प्रदूषण मानकों को कमजोर करने, पर्यावरण और वन कानूनों को शिथिल करने, तथा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) और पर्यावरणीय शासन से जुड़ी संस्थाओं को निष्प्रभावी करने की उसी नीति का हिस्सा है, जो पिछले कुछ वर्षों में देखने को मिली है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री द्वारा वैश्विक मंचों पर पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन को लेकर दिए जाने वाले भाषणों और देश के भीतर ज़मीन पर किए जा रहे कार्यों के बीच कोई तालमेल नहीं है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हरित नेतृत्व की बात करने वाली सरकार, देश के भीतर प्राकृतिक धरोहरों को कमजोर करने वाले फैसले ले रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि अरावली पर्वतमाला न केवल उत्तर भारत के भूजल संरक्षण, वायु शुद्धिकरण और जलवायु संतुलन के लिए अहम है, बल्कि यह दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र को मरुस्थलीकरण से बचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऐसे में संरक्षण को सीमित करना दीर्घकालिक पर्यावरणीय संकट को जन्म दे सकता है।

अल्पसंख्यकों पर हमले अस्वीकार्य हैं, दंगाइयों पर अंकुश लगाना जरुरी: सीएम स्टालिन

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने कहा है कि अल्पसंख्यकों पर हमले अस्वीकार्य हैं और दंगाइयों पर अंकुश लगाना एक साझा व जरुरी कर्तव्य है, जिसे दृढ़ संकल्प के साथ लागू किया जाना चाहिए। मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कषगम (एमडीएमके) महासचिव वाइको और एक्टर से नेता बने विजय के नेतृत्व वाले तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) ने भी ईसाई पूजा स्थलों को निशाना बनाकर किए गए हमलों की निंदा की। स्टालिन ने कहा कि बहुसंख्यक लोगों की सच्ची ताकत और चरित्र अल्पसंख्यकों को भयमुक्त जीवन जीने देने में निहित है।

उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि जब कुछ दक्षिणपंथी हिंसक समूह बहुसंख्यक होने के नाम पर हमले व दंगे करते हैं, वह भी ऐसे समय में जब पीएम मोदी क्रिसमस समारोह में भाग ले रहे हैं। यह राष्ट्र को एक चिंताजनक संदेश देता है। सीएम स्टालिन ने कहा कि मणिपुर के बाद, जबलपुर, रायपुर और अन्य जगहों पर अल्पसंख्यकों पर हमलों की खबरें सद्भाव को महत्व देने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए अस्वीकार्य हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए समाज को बांटने वाले दंगाइयों पर अंकुश लगाना एक साझा और जरुरी कर्तव्य है, जिसे दृढ़ संकल्प के साथ लागू किया जाना चाहिए।

सीएम स्टालिन ने केंद्र में बीजेपी के सत्ता में आने के बाद से अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत भरे भाषणों में 74 फीसदी की वृद्धि का दावा करते हुए कहा कि यह 'गंभीर खतरे' का संकेत हैं। वाइको ने रायपुर और जबलपुर समेत कई स्थानों पर गिरजाघरों व ईसाइयों को निशाना बनाने वाली 'हिंदुत्ववादी भीड़' की कड़ी निंदा की और संबंधित राज्य सरकारों से हिंसा फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। टीवीके के प्रचार महासचिव के जी अरुणराज ने गिरजाघरों पर हुए हमलों की कड़ी निंदा करते हुए पीएम मोदी से इन कृत्यों की निंदा करने और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

दिल्ली में एक्यूआई फिर 'बेहद खराब' श्रेणी में, जहांगीरपुरी और आनंद विहार सबसे प्रदूषित

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में दो दिन मामूली सुधार रहने के बाद शुक्रवार को वायु गुणवत्ता एक बार फिर 'बेहद खराब' श्रेणी में पहुंच गई। दिल्ली का एक्यूआई 310 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबक दिल्ली के 40 निगरानी केंद्रों में से कम से कम 24 केन्द्रों पर वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' दर्ज की गई। इसमें जहांगीरपुरी और आनंद विहार 395 एक्यूआई के साथ सबसे प्रदूषित इलाके रहे। वहीं लोधी रोड पर एक्यूआई 185 दर्ज किया गया, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है। पिछले दो दिनों में दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में बनी हुई थी। 'वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली' ने अगले छह दिनों तक वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में बने रहने का अनुमान लगाया है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक वर्तमान में हवा की औसत गति 10 किलोमीटर प्रति घंटे से कम है, जो प्रदूषक तत्वों के छितराव के लिए प्रतिकूल है। सीपीसीबी के मानकों के मुताबिक 0 से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51-100 को संतोषजनक, 101-200 को मध्यम, 201-300 को खराब, 301-400 को बेहद खराब और 401-500 को गंभीर माना जाता है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 21 से 23 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान छह से आठ डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

कोहरे ने धीमी की ट्रेनों की रफ्तार

दिल्ली में घने कोहरे के कारण 50 से ज्यादा ट्रेनें देरी से चल रही हैं, जिससे लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी हो रही है। राजधानी और हमसफर एक्सप्रेस जैसी अहम ट्रेन सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से ट्रेनों के संचालन में दिक्कत आ रही है। रेलवे प्रशासन यात्रियों को अपडेटेड जानकारी प्राप्त करने की सलाह दे रहा है।

दो घंटे से अधिक लेट चलने वाली ट्रेनों में रक्सौल-आनंद विहार टर्मिनल सद्भावना एक्सप्रेस साढ़े चार घंटे, मुजफ्फरपुर-आनंद विहार टर्मिनल सप्त क्रांति एक्सप्रेस सवा दो घंटे, बलिया-आनंद विहार टर्मिनल सुपरफास्ट विशेष सवा चार घंटे, बनारस-आनंद विहार टर्मिनल गरीब रथ एक्सप्रेस, सवा दो घंटे, रीवा-आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस छह घंटे, मधुपुर-आनंद विहार टर्मिनल बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर एक्सप्रेस पौने सात घंटे, हल्दिया-आनंद विहार टर्मिनल साप्ताहिक सुपरफास्ट छह घंटे, दानापुर-आनंद विहार टर्मिनल जनसाधारण एक्सप्रेस छह घंटे, बनारस-नई दिल्ली काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे, बलिदानी कैप्टन तुषार महाजन ऊधमपुर-कोटा एक्सप्रेस सवा तीन घंटे, लखनऊ-नई दिल्ली एसी एक्सप्रेस सवा दो घंटे, कानपुर-नई दिल्ली श्रम शक्ति एक्सप्रेस चार घंटे, राजगीर-नई दिल्ली श्रमजीवी एक्सप्रेस सवा पांच घंटे, दरभंगा-नई दिल्ली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस सवा पांच घंटे, हावड़ा-नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस साढ़े चार घंटे, प्रयागराज-नई दिल्ली हमसफर एक्सप्रेस साढ़े चार घंटे, गोरखपुर-बठिंडा गोरखधाम एक्सप्रेस साढ़े पांच घंटे, प्रयागराज-नई दिल्ली प्रयागराज एक्सप्रेस चार घंटे लेट चल रही हैं।

वहीं सीएसएमटी-अमृतसर एक्सप्रेस आठ घंटे, राजेंद्र नगर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस सवा चार घंटे, ललित ग्राम-नई दिल्ली वैशाली एक्सप्रेस सवा चार घंटे, बनारस-नई दिल्ली शिव गंगा एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे, दरभंगा-नई दिल्ली हमसफर विशेष आठ घंटे, डिब्रुगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रे ढाई घंटे, सियालदह-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस सवा दो घंटे, बनारस-नई दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस सवा तीन घंटे, बरौनी-नई दिल्ली हमसफर विशेष चार घंटे, रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस तीन घंटे, हावड़ा-नई दिल्ली कोलकाता राजधानी साढ़े चार घंटे, वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस सवा छह घंटे, लखनऊ-नई दिल्ली तेजस एक्सप्रेस आठ घंटे, राजेंद्र नगर-नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस छह घंटे, लोकमान्य तिलक टर्मिनल मुंबई-हरिद्वार एसी एक्सप्रेस सात घंटे.

प्रयागराज-भिवानी कालिंदी एक्सप्रेस पौने चार घंटे, मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़-पुरानी दिल्ली पद्मावत एक्सप्रेस चार घंटे, बलुरघाट-बठिंडा फरक्का एक्सप्रेस साढ़े चार घंटे, प्रयागराज-चंडीगढ़ ऊंचाहार एक्सप्रेस साढ़े सात घंटे, कामख्या-पुरानी दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल, पौने आठ घंटे, आजमगढ़-पुरानी दिल्ली कैफियत एक्सप्रेस सवा छह घंटे, कटिहार-पुरानी दिल्ली चंपारण एक्सप्रेस ट्रेनें लेट चली रही हैं।

वहीं सवा नौ घंटे, देरी से रवाना होने वाली ट्रेनों में नई दिल्ली-अमृतसर शान-ए-पंजाब एक्सप्रे सवा चार घंटे, नई दिल्ली-सोगरिया सुपरफास्ट एक्सप्रेस पौने पांच घंटे नई दिल्ली-राजगीर श्रमजीवी एक्सप्रेस एक घंटे, नई दिल्ली-दरभंगा हमसफर विशेष पांच घंटे लेट चल रही हैं।

नाकाबंदी तोड़ी, लेकिन कानून से नहीं बच सके: स्विफ्ट कार से 15 किलो से अधिक गांजा जब्त, तीन गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल|बेगूं

ए.एन.टी.एफ कोटा एवम् पुलिस थाना बेगूँ द्वारा संयुक्त रूप से अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ़ कार्यवाही करते हुए 15 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा सहित स्वीफ्ट कार को जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफतार किया। जिला पुलिस अधीक्षक श्री मनीष त्रिपाठी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ कर तस्करों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने हेतु समस्त थानाधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश दिये गये है।

इसी क्रम में एएसपी रावतभाटा भगवतसिह हिगड़ के निर्देशन व

डीएसपी बेगूं अर्जलि सिह के सुपरविजन में थानाधिकारी बेगू धर्मराज मीना उप निरीक्षक के नेतृत्व एएसआई लेखराज, कानि. कमलेश, मनोहर, ललित सिह, महेन्द्र व हरमेन्द्रसिह के द्वारा ए.एन. टी एफ टीम कोटा की सूचना पर थाना बेगू क्षेत्र के आरोली टोल पर नाकाबन्दी के दौरान एक स्वीफ्ट कार आई जिसमे तीन व्यक्ति सवार थे जिसे सदिग्ध होने से रूकने का ईशारा किया जिस पर स्वीफ्ट कार को नही रोक कर भगाने का प्रयास किया, जिस पर टीम द्वारा बमुश्किल से रोक कर ए.एन.टी.एफ. टीम व थानाधिकारी बेगू के द्ववारा मय जाब्ता के संयुक्त रूप से आरोली टोल पर कार्यवाही कर स्वीफ्ट कार को रोककर उसकी तलाशी ली गई तो स्वीफ्ट कार से 15 किलो 300 ग्राम अवैध गाजा मिला। उक्त अवैध गांजा व कार को जब्त कर तीन आरोपियों 35 वर्षीय मोहम्मद अली पुत्र मोहम्मद एसानुद्दीन मेवाती निवासी सद्दाम मंजिल के पिछे, 1एफ-80, छत्रपुरा तालाब, विज्ञाननगर, थाना विज्ञाननगर कोटा शहर, 28 वर्षीय इमरान पुत्र मोहम्मद शाहीद मेवाती निवासी कोटा जंक्शन, रंगपुर रोड गली न. 1, मील वाले बाबा, थाना रेल्वे कोलोनी कोटा हाल कोटा कोटरी, लंगडा डाक्टर के पास, तिलकनगर थाना गुमानपुरा कोटा शहर व 35 वर्षीय करीम बक्श पुत्र मोहम्मद हुसैन रंगरेज निवासी महेश किराणा स्टोर के सामने वाली गली, गुर्जर मोहल्ला, किशोरपुरा थाना किशोरपुरा जिला कोटा को गिरफ्तार कर पुलिस थाना बेगू पर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है।

ओवरब्रिज पर खतरनाक मोड़ और घना कोहरा बना भीषण दुर्घटना का कारण

विद्युत विभाग के वाहन के परखच्चे उड़े, कर्मचारी हुए घायल

स्मार्ट हलचल

मांडल। तकनीकी खामियों से घिरे मांडल रेलवे ओवरब्रिज पर एक बार फिर भीषण दुर्घटना सामने आई है। ओवरब्रिज पर बने खतरनाक मोड़ और घने कोहरे के कारण विद्युत निगम का एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय वाहन में सवार विद्युत निगम के कर्मी बाल-बाल बच गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायल कर्मियों को तुरंत उपजिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटाने का कार्य शुरू कर दिया है और यातायात व्यवस्था को सुचारु किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने ओवरब्रिज की तकनीकी खामियों, खतरनाक मोड़ों और कोहरे के दौरान सुरक्षा इंतजामों की कमी पर चिंता जताते हुए शीघ्र सुधार की मांग की है।

गुरला की अरावली पहाड़ी तलहटी स्थित कालका माता मंदिर कोहरे की चादर में लिपटा

कोहरे में लिपटा गुरला का रणजीत सागर तालाब



स्मार्ट हलचल|गुरला

नेशनल हाईवे 758 स्थित गुरला में शनिवार सुबह बर्फीली हवाओं ने फीजा में ठंडक घोल दी। दिन में भी धुजणी छुट गई , सुबह शाम शीत लहर ठिठुरा रही है। कोहरा इतना है कि सड़कों पर कुछ दूरी तक कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। शनिवार को सुबह देर तक कोहरा छाया रहा चालकों को वाहन की लाइट चलानी पड़ी। भीलवाड़ा राजसमंद उदयपुर फोरलेन गुरलां स्थित रणजीत सागर तालाब को कोहरे ने ढक दिया । सुबह नो बजे तक कोहरा छाया रहा लोग घरों से कम ही बाहर निकले। अरावली पहाड़ी की तलहटी स्थित कालका माता मंदिर कोहरे की चादर में लिपटा रहा ठंड के प्रकोप के चलते गावों में किसानों ने धूप निकलने के बाद ही खेतों का रूख किया।

सेन समाज विवाह सम्मेलन में 51 जोड़ों का विवाह, लग्न पत्रिका वितरण एवं कमेटी गठन, 3 जनवरी को आयोजित किया जाएगा

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

सेन समाज सामूहिक विवाह समिति के मीडिया प्रवक्ता दिनेश सेन ऊपरेड़ा ने बताया कि हरनी महादेव में बसंत पंचमी के अबूझ मुहूर्त पर सेन समाज सामूहिक विवाह समिति द्वारा 9वां भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें लगभग 51 जोड़ों का विवाह होगा विवाह समिति कार्यालय प्रमुख सुरेश सेन कुंडिया ने जानकारी देते हुए बताया कि वधु पक्ष द्वारा वर पक्ष को भेजे जाने वाले लग्न पत्रिका श्री विनायक जी की स्थापना करते हुए मंत्रोच्चार के साथ समाज

के सम्माननीय लोगों की उपस्थिति में वधु पक्ष के परिवार को सोनी धर्मशाला में मुख्य विवाह पुरोहित द्वारा लग्न पत्रिका लिखवाए जाएंगे और वितरण किए जायेंगे, जो वर पक्ष को भिजवाए जाएंगे इसके साथ ही सामूहिक विवाह सम्मेलन की शुरुआत की जाएगी समिति अध्यक्ष दुर्गा शंकर सेन मांडल, सचिव बाबू लाल चाखेड़, कोषाध्यक्ष गोपी लाल सेन समेलिया और कार्यकारी अध्यक्ष रतन सेन भादू, नरेश सईवाल, और गीता भाटी महिला मंडल टीम के नेतृत्व में सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की जाएगी, जिसमें विवाह सम्मेलन के लिए विभिन्न कार्यसमितियों का गठन किया जाएगा, जिनमें पांडाल व्यवस्था, आमंत्रण, भोजन व्यव-स्था, और सामाजिक कार्यक्रमों की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी इस अवसर पर सेन समाज के सभी सदस्यों के साथ-साथ समाज में कार्यरत सभी समितियों, महिला मंडल और संगठनों को सादर आमंत्रित किया गया है, ताकि सम्मेलन को भव्यता प्रदान की जा सके और सफल बनाया जा सके जिसके लिए सभी से सहयोग और समर्थन की अपील की गई है विवाह समिति के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सेन कटार, पूर्व अध्यक्ष भगत सेन, बालू लाल सेन, और सत्यनारायण सेन रूपपुरा ने समस्त सेन समाज से अनुरोध किया है कि वे हरनी महादेव में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन में उत्साहपूर्वक भाग लें और इस आयोजन को सफल बनाने में अपना सहयोग और समर्थन प्रदान करें।

108 और 104 एंबुलेंस सेवा अनिश्चितकाल बंद करने की चेतावनी

स्मार्ट हलचल |भीलवाड़ा

राजस्थान एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन ने 108 और 104 एंबुलेंस सेवा बंद करने की चेतावनी दी है. यूनियन ने 28 दिसंबर यानी रविवार रात 12 बजे से एंबुलेंस सेवा अनिश्चितकाल तक बंद करने की बात कही है. यूनियन की वेतन बढ़ाने और काम के घंटे 8 करने की मांग है.

'नए टेंडर में भी बढ़े वेतन का उल्लेख नहीं'

यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि 104 एम्बुलेंस सेवा प्रदाता कम्पनी मोर्डन इमरजेन्सी सर्विसेज कम्पनी का पूर्व में चल रहा टेंडर समाप्त होने पर गत 26 नवम्बर को 104 एम्बुलेंस सेवा संचालन के लिए नया टेंडर निकाला गया था. उस टेंडर की आरएफपी में यह उल्लेख नहीं था कि एंबुलेंस कर्मचारियों का वेतन कितना बढ़ाया गया है, जिसको लेकर राजस्थान एम्बुलेंस कर्मचारी यूनियन ने गत 8 दिसम्बर को प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को ज्ञापन दिया था. शेखावत ने बताया कि आरएफपी में भी संशोधन करके गत 12 दिसम्बर को शुद्धिपत्र निकाला गया, लेकिन उसमें भी एंबुलेंस कर्मचारियों की मांग का उल्लेख नहीं किया गया।

चोरी के मामले में वांछित 5 हजार का ईनामी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

प्रतापनगर थाना पुलिस ओर डीएसटी टीम भीलवाडा ने चोरी के मामले में बडी कार्यवाही करते हुए 5000 के ईनामी वांछित नारायण कालबेलिया को गिरफ्तार किया है । उक्त आरोपी जयपुर के पुलिस थाना बिन्दायका में भी चोरी के प्रकरण में वांछित है।

एसपी धर्मेन्द्र सिंह द्वारा जिले में चोरी के मामलो में वांछित चल रहे अपराधियो की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान के तहत व थाना प्रतापनगर में पशुधन चोरी की घटना को गम्भीरता से लेते हुए एएसपी पारस जैन के निर्देशन में

एवं शहर वृताधिकारी सज्जन सिंह के निकटतम सुपरविजन में और थानाप्रभारी राजपाल सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। दिनांक 20-5-24 को प्रार्थी अभिषेक जांगिड पिता रामलाल जांगिड उम्र 23 साल निवासी पटेल नगर थाना प्रतापनगर भीलवाडा ने एक रिपोर्ट पेश की और बताया कि अज्ञात लोगो ने उसकी दो भैंस चोरी कर ली । जो उसके बाड़े मे बंधी हुई अन्य भैंसो के साथ बंधी हुई थी। अज्ञात व्यक्ति पशुधन को चोरी करके ले गए। रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की । गठित टीम द्वारा घटना के आस पास के सीसीटीवी फुटेज देखे व कैमरा फुटेज के आधार पर रूट चार्ट बनाया और सुचना एकत्रित कर टीम द्वारा भरसक प्रयास कर आरोपी नारायण कालबेलिया 25 वर्ष निवासी आम्बा थाना बडलियास जिला भीलवाडा को गिरफतार किया गया। जो कि थाना प्रतापनगर का 5000 ईनामी बदमाश भी है तथा जयपुर के पुलिस थाना बिन्दायका के प्रकरण संख्या 164/2025 धारा 307, 115(2) बीएनएस 2023 में भी वांछित है। टीम में थानाप्रभारी राजपाल सिंह, दिनेश कुमार एचसी, ओमप्रकाश एचसी जिला स्पेशल टीम, सत्यनारायण एचसी साईबर सैल, मुकेश थाना प्रतापनगर, राधेश्याम साईबर सैल शामिल थे। आरोपी के विरुद्ध मंगरोप और प्रतापनगर थाने में भी मामले दर्ज है।

गंगापुर में निशुल्क आयुर्वेदिक काढ़े का वितरण

मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए सैकड़ों लोगों ने किया सेवन

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

महावीर जीव दया संस्थान एवं आयुर्वेदिक विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को निशुल्क आयुर्वेदिक काढ़े का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मौसमी बीमारियों जैसे सर्दी-जुकाम से बचाव और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना है । महेंद्र कुमार बापना ने बताया कि अनुभवी वैद्यों डॉ. सतीश कुमार शर्मा और डॉ. हरीश कुमार की देखरेख में विशेष आयुर्वेदिक काढ़ा तैयार किया गया था। यह काढ़ा मौसमजनित रोगों से लड़ने और इम्यूनिटी मजबूत करने में प्रभावी है।

बिजली विभाग के सामने सुबह 6 बजे से 11 बजे तक आयोजित इस शिविर में लगभग 1000 व्यक्तियों ने निशुल्क काढ़े का सेवन किया। लोगों में इस पहल के प्रति काफी उत्साह देखा गया।कार्यक्रम में दिनेश बापना, घेवर बाबेल, शोभा लाल जीनगर, मुरली डांगी, हर्ष खोईवाल, दिनेश लक्षकार, बनवारी माली, श्याम जीनगर सहित संस्थान के अनेक सदस्य एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। संस्थान की ओर से ऐसे आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन समय-समय पर किया जाता रहा है, जिससे समाज के विभिन्न वर्गों को लाभ मिलता है।

अरावली बचाओ जन आंदोलन को लेकर पदयात्रा आज

पूर्व मंत्री रामलाल जाट एन एच 148 डी सूराज चौराहे से करेंगे यात्रा की शुरुआत

स्मार्ट हलचल

आसींद। प्रदेश भर में चल रहे हैं अरावली पर्वत को बचाने के अभियान संकल्प को लेकर भीलवाड़ा कांग्रेस कमेटी द्वारा रविवार को जिले के करेड़ा क्षेत्र की ग्राम पंचायत किडीमल के सुराज चौराहे से प्रारंभ करेंगे। रविवार प्रातः 10:00 बजे जन जागरण पदयात्रा के शुभारंभ के साथ ही अरावली की गोद में स्थित बे माता किडिमाल मंदिर तक पहुंचेगी। पूर्व मंत्री एवं जिला कांग्रेस कमेटी के देहात जिला अध्यक्ष रामलाल जाट की उपर्-स्थिति में होने वाली इस जन जागरण यात्रा में क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि तथा कांग्रेस कार्यकर्ता भाग लेंगे। जन जागरण यात्रा को लेकर पार्टी पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं ने तैयारियां पूर्ण कर ली है।

उपभोक्ता अधिकार समिति की बैठक संपन्न

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

उपभोक्ता अधिकार समिति (रजिस्टर्ड) की प्रमुख पदाधिकारियों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न। उपभोक्ता अधिकार समिति (रजिस्टर्ड) के केंद्रीय अध्यक्ष सुनील राठी की अध्यक्षता में प्रमुख पदाधिकारियों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की जानकारी देते हुए केंद्रीय सचिव एडवोकेट प्रहलाद राय व्यास (पूर्व सदस्य, स्थाई लोक अदालत, भीलवाड़ा) ने बताया कि बैठक में केंद्रीय महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं पूर्व सभापति मधु जाजू, मानवाधिकार प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक सोडाणी, महिला जिला अध्यक्ष अर्चना दुबे, अशोक सोमाणी, अंकित

सोमानी, एस.एन. जाजू सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में निम्नलिखित प्रमुख मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई:

यूआईटी लॉटरी संबंधी मांगःयूआईटी लॉटरी में जिन आवेदकों को भूखंड आवंटित नहीं हुए हैं, यदि वे अपनी जमा राशि वापस लेना चाहें तो उन्हें जमा राशि ब्याज सहित तत्परता से लौटाई जाए। संगठन विस्तारः संगठन के विस्तार एवं मजबूती पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया तथा आगे की रणनीति निर्धारित की गई। सड़क निर्माण मानकों की मांगः ठेकेदारों द्वारा निर्मित स्पीड ब्रेकर, सर्किल एवं सड़कों को स्वीकृत आदेश एवं मानकों के अनुरूप बनाने की जोरदार मांग की गई। उपभोक्ता जागृति अभियानः जिले भर में उपभोक्ता जागृति अभियान चलाकर उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा, हित एवं कल्याण के लिए ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त, थाईलैंड में आयोजित इंटरनेशनल बैडमिंटन सावास्डी कप 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन करने पर संस्था के सदस्य सत्यनारायण जाजू (एस.एन. जाजू) का संस्था की ओर से विशेष सम्मान किया गया। उनके इस सराहनीय कार्य के लिए सभी पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उपभोक्ता अधिकार समिति (रजिस्टर्ड) उपभोक्ता हितों की रक्षा एवं समाज कल्याण के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

जीएसएस में किसानों से खुली लूट: 266 का यूरिया 400 में थमाया, बिल मांगने पर मिल रहे धक्के

स्मार्ट हलचल

व्यवस्थापक ने स्वीकारी 'टैगिंग' की मजबूरी, पर जांच अधिकारी बोले- 'सब चंगा सी'

* 800 बैग पहुँचते ही उमड़ी भीड़, पुलिस की निगरानी में वितरण; जबरन सल्फर और माइक्रो राजा थोपा

लाडपुरा। लाडपुरा ग्राम सेवा सहकारी समिति (जीएसएस) में शनिवार को खाद वितरण के दौरान व्यवस्था की पोल खुल गई। बुधवार को 'स्मार्ट हलचल' में खबर छपने के बाद शुक्रवार को 800 बैग यूरिया तो पहुँच गया, लेकिन शनिवार को वितरण के नाम पर किसानों की जेब पर डाका डाला गया। सरकारी दर 266.50 होने के बावजूद किसानों से 400 वसूले गए और विरोध करने पर उन्हें लाइन से बाहर कर दिया गया।

जांच अधिकारियों का 'झूठ' और व्यवस्थापक का 'सच':

हैरानी की बात यह है कि खाद की किल्लत और वसूली की जांच करने आए अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट में 'सब चंगा सी' कहते हुए लिखा कि किसान संतुष्ट हैं।

जबकि धरातल पर हकीकत इसके उलट है। समिति व्यवस्थापक कैलाश चंद्र तेली ने खुद स्वीकार किया कि 'समिति को सल्फर और टैगिंग उत्पाद लेने पर ही खाद दिया जा रहा है, इसलिए मजबूरी है।' सवाल यह है कि जब जिम्मेदार खुद लूट स्वीकार रहे हैं, तो जांच अधिकारी उच्च स्तर पर किसे बचाने के लिए लीपापोती कर रहे हैं?

कतार में भूखे-प्यासे किसान, पुलिस की निगरानी में वितरण:

खाद की खबर लगते ही सुबह 6 बजे से ही महिलाएं और किसान कतारों में लग गए थे। सुबह 11 बजे पुलिस की निगरानी में वितरण शुरू हुआ। उपसरपंच मोहन लाल धाकड़ ने बताया कि समिति ने खाताधारक किसानों के बजाय केवल जन-आधार से वितरण किया, जिससे पुराने सदस्य किसानों में भारी आक्रोश है। किसानों ने बताया कि 266.50 के कट्टे के साथ 134 का 'माइक्रो राजा' जबरन जोड़कर 400 लिए जा रहे हैं।

सिर्फ खाद नहीं, ट्रैक्टर में भी 'खेल':

समिति में लूट केवल खाद तक सीमित नहीं है। सरकार द्वारा 'कस्टम हायरिंग सेंटर' के तहत किसानों को सस्ती दरों पर जुताई के लिए दिए गए ट्रैक्टर का किराया भी बाजार दर (350 प्रति बीघा) वसूला जा रहा है। सरकारी सब्सिडी का लाभ किसानों को मिलने के बजाय समिति की निजी कमाई का जरिया बन गया है। अब देखना यह है कि जिला कलेक्टर और सहकारिता विभाग इस खुली धांधली पर कब संज्ञान लेते हैं।

पारोली पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर और वांछित अपराधी को पकड़ा

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

पारोली थाना पुलिस ने वांछित आरोपी हिस्ट्रीशीटर कालूलाल गुर्जर को किया है । एसपी धर्मेन्द्र सिंह द्वारा जिले में आपराधिक मामलो में वांछित चल रहे अपराधियो की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एएसपी राजेश आर्य शाहपुरा एवं सुरेश डाबिया वृताधिकारी वृत कोटडी के निकटतम सुपरविजन में और थानाप्रभारी थाना पारोली के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया और पारोली थाना क्षेत्र के एक प्रकरण मे वांछित आपराधि व एच.एस.को गिरफतार किया गया। प्रार्थी धर्मवीर चौधरी पुत्र पुरणसिंह खर्रा उम्र 30 साल जाति जाट निवासी नांगल कंला पीएस गोविन्दगढ जयपुर हाल मैनेजर आर.बी माइंस एण्ड मिनरल्स घेवरिया पीएस पारोली ने रिपोर्ट देकर बताया कि दिनांक 17.06. 2025 को माइंस पर कुछ लोग आए और खनन कार्य मे बाधा

पहुचाने लगे व मजदुरो के साथ मारपीट कर अवैध वसुली व मांग करने लगे व माईस पर पर खनन कार्य को रोकने व मारपीट की धमकी देने लगे। उक्त रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया और अभियुक्त कालुलाल गुर्जर उम्र 40 साल निवासी घेवरिया थाना पारोली जिला भीलवाडा को गिरफतार करने के बाद न्यायालय में पेश किया । टीम में सियाराम थानाधिकारी, प्रभाती लाल उ.नि., एच सी रामेश्वर लाल , कांस्टेबल भागीरथ, धर्मेन्द्र शामिल थे।

दीपू श्रीवास्तव की कॉमेडी नाइट में ठहाकों से गूंजा एलबीएस परिसर

कायस्थ महाकुंभ में हास्य, संस्कृति और सामाजिक सरोकारों का उत्सव

स्मार्ट हलचल | कोटा

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, कायस्थ समाज कोटा एवं कायस्थ आर्ट एंड कल्चर कोटा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कायस्थ महाकुंभ के अंतर्गत शनिवार की सायं आयोजित 'यादों की बारात... रंगोत्सव' कार्यक्रम में हास्य, व्यंग्य और ठहाकों की गूंज देर रात तक बनी रही। लोकप्रिय टीवी व मंचीय हास्य कलाकार दीपू श्रीवास्तव ने कॉमेडी नाइट के माध्यम से ऐसा समां बांधा कि सभागार में मौजूद दर्शक अपनी हंसी रोक नहीं सके।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मीडिया संयोजक कुलदीप माथुर ने बताया कि दीपू श्रीवास्तव ने अपने चिर-परिचित व्यंग्यात्मक अंदाज में सामाजिक विसंगतियों, पारिवारिक रिश्तों, मोबाइल संस्कृति, पति-पत्नी संवाद और रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े प्रसंगों को इस तरह प्रस्तुत किया कि हर वर्ग का दर्शक उनसे जुड़ता चला गया। उनके व्यंग्य में न तो कटुता थी और न ही मर्यादा का उल्लंघन, बल्कि सहज हास्य के साथ समाज को आईना दिखाने का प्रयास स्पष्ट नजर आया।

कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत यादों की बारात थीम आधारित रंगोत्सव में विभिन्न संगीत, संवादात्मक प्रस्तुतियों और सामूहिक गतिविधियों ने माहौल को जीवंत बनाए रखा। कायस्थ समाज की प्रतिभाओं ने संगीत व नाट्य मंचन की प्रस्तुतिया देकर तालिया बटोरी। इस अवसर पर कार्यक्रम मे रेडक्रॉस के स्टेट चेयरमेन राजेश कृष्ण बिरला, आरटीयू विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.निमित चौधरी तथा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या डॉ. संगीता सक्सेना, संजीव सक्सेन, कार्यकारी अध्यक्ष अ. भा. कायस्थ महासभा संजीव सक्सेना, डॉ. सचिन सिन्हा भीलवाड़ा, सीएमएचओ बारां ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक और हास्य आयोजन समाज को तनावमुक्त करने के साथ-साथ आपसी जुड़ाव को भी मजबूत करते हैं।

जीवन साथी तलाश में आज देंगे कायस्थ युवक—युवतियां परिचय

कार्यक्रम के संयोजक नीरज कुलश्रेष्ठ ने बताया कि रविवार को सुबह 11 बजे सरस्वती पूजन एवं भगवान चित्रगुप्त जी की पूजा-अर्चना से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। निःशुल्क युवक-युवती परिचय सम्मेलन, भामाशाह सम्मान समारोह और वरिष्ठजन सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथिगण इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष माननीय ओम बिरला मुख्य अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में मदन दिलावर,ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर,विधायक कोटा दक्षिण संदीप शर्माद्व अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्ति शामिल होंग। संस्था को अभी तक देश-विदेश से 1100 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें गुजरात, पंजाब, दिल्ली, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, पांडिचेरी, झारखंड व राजस्थान के सभी जिलों से आवेदन आए हैं।कुलदीप माथुर ने बताया कि महासभा की ओर से यह पांचवा युवक-युवती परिचय सम्मेलन है। इस कार्यक्रम की विशेष स्मारिका 'कायस्थ बंधन' का प्रकाशन किया गया है, जिसमें 1100 से अधिक युवक-युवतियों के बायोडाटा प्रकाशित किए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान निःशुल्क कुंडली मिलान की व्यवस्था भी महासभा की ओर से की गई है। वर-वधू पसंद आने पर इच्छुक प्रतिभागी निःशुल्क ज्योतिषीय सलाह प्राप्त कर कुंडली मिलान कर सकते हैं।

गुड्डा में युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फंदे से लटक की आत्महत्या

स्मार्ट हलचल | जहाजपुर/खजूरी



जहाजपुर तहसील के खजूरी उप-तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत गुड्डा में एक युवक द्वारा अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

क्या है पूरा मामला:

मिली जानकारी के अनुसार, गुड्डा निवासी रोहित मीणा ने अपने ही मकान के एक कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिजनों ने उसे फंदे से लटका देखा, तो चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही जहाजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुँची और ग्रामीणों की मदद से मृतक के शव को फंदे से नीचे उतरवाया।

पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जहाजपुर राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। थाना पुलिस के अनुसार, अभी तक आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

बारहठ महाविद्यालय में मनाया गया वीर बाल दिवस

स्मार्ट हलचल

शाहपुरा। शाहपुरा-श्री प्रताप सिंह बारहठ राजकीय महाविद्यालय शाहपुरा में सिखों के दसवें गुरू गोबिन्द सिंह जी के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी एवं बाबा फतेह सिंह जी की शहादत और उनके अदम्य साहस को समर्पित वीर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता धर्मनारायण वैष्णव ने बताया कि इस दिवस की शुरूआत 9 जनवरी 2022 को माननीय प्रधानमंत्री की घोषणा से हुई जिन्होने बताया कि साहिबजादों के साहस को याद करने के लिए हर वर्ष 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जायेगा। वैष्णव ने यह भी बताया कि यह दिन विद्यार्थी और युवाओं को साहस, नैतिकता और न्याय के लिए खडे होने की प्रेरणा देता है। यह भारतीय इतिहास के उन गुमनाम नायकों को सम्मान देने का तरिका है जिन्होने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च नोचावर कर दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बालूराम रेगर ने किया।

पुष्कर के ब्रह्म चौक में दूध और फिणी' वितरण का आयोजन हुआ

स्मार्ट हलचल

जी भोमिया सुपुत्र स्व श्री भागचंद जी भोमिया एवं भोमिया परिवार की ओर से आयोजित किया। भोमिया परिवार ने बताया कि पौष मास की परंपराओं का निर्वहन करते हुए और राहगीरों व श्रद्धालुओं की सेवा के उद्देश्य से शाम 4:00 बजे कार्यक्रम आयोजित किया ।

पुष्कर/ अजमेर/ धार्मिक तीर्थ नगरी पुष्कर के ब्रह्म चौक में शनिवार को पौष मास के अवसर दूध फिणी का आयोजन हुआ ।जिसमें लोगों ने दूध फिणी का प्रसाद ग्रहण किया ।यह आयोजन श्री शेषकरण आयोजक शेषकरण भोमिया ने कहा कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए गरमा-गरम दूध और फिनी के इस सेवा कार्य में स्थानीय निवासियों सहित तीर्थ यात्रियों ने ग्रहण किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दामोदर मुखिया ,जगदीश कुड़िया ,विकास मुखिया ,पीयूष पाराशर सहित कई गणमान्य लोग थे।

जैन मुनि संघ ने अंतर्राष्ट्रीय जैन युवक युवती परिचय सम्मेलन के पोस्टर व फार्म का किया विमोचन

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा। दिगंबर जैन समाज के सबसे बड़े सामाजिक संगठन 'दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन' द्वारा इंदौर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले परिचय सम्मेलन में मेवाड़ रीजन से अध्यक्ष प्रवीण चौधरी के कुशल नेतृत्व में मुनि श्री 108 शुभसागर तथा सुप्रभात सागर महाराज के करकमलों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय युवक परिचय सम्मेलन के पोस्टर व फार्म का विमोचन किया गया। रीजन सचिव आशीष जैन (सेठी) ने बताया कि जैन समाज के विविध पदाधिकारियों और हाउसिंग जैन मंदिर अध्यक्ष राकेश पाटनी, सचिव निर्मल सरावगी की उपस्थिति में सभी कॉलोनियों से अधिक से अधिक संख्या में आवेदन फार्म भराने के लक्ष्य के साथ आयोजन की भव्य शुरुआत की गई। रीजन अध्यक्ष द्वारा कोषाध्यक्ष राजेंद्र बगड़ा को भीलवाड़ा के सभी जैन मन्दिर प्रांगण में सम्मेलन के फ्लेक्स लगवाने, फार्म उपलब्ध कराने और कोष संबधी समस्त जिम्मेदारी दी गई है। विदित रहे पिछले साल देश भर से इस सम्मेलन में हज़ारों प्रत्याशियों ने अपने बायोडेटा इस सम्मेलन में भेजे थे। और एक बर्ष मे 35 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को सफलता मिली थी। इस बर्ष भी फेडरेशन ने सम्पूर्ण जैन समाज से इस महा आयोजन में अपने सहयोग के लिए आगे आने का आह्वान किया है।

पंडित अशोक शर्मा गोल्ड मेडल से सम्मानित

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

यूनाइटेड नेशन एस्ट्रोलॉजी कॉन्फ्रेंस शनिवार को कोलंबो (श्रीलंका) में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त होना एक अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण रहा। इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर श्रीलंका संसद के माननीय स्पीकर कारू जयसूर्या द्वारा श्री ब्रह्म ज्योतिष संस्थान के पंडित अशोक शर्मा को वैदिक ज्योतिष के शोध पत्र प्रस्तुत करने पर गोल्ड मेडल एवं पीएच डी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया, जो सम्पूर्ण भारतीय ज्योतिष जगत के लिए अत्यंत गर्व की बात है। यह सम्मान न केवल एक व्यक्ति विशेष की उपलब्धि है, बल्कि भारत की प्राचीन वैदिक परंपरा और गुरु-शिष्य परंपरा की वैश्विक मान्यता का प्रतीक भी है। इस गरिमामय अवसर पर भारत की ओर से वैदिक ज्योतिष के गूढ़, शास्त्रीय एवं रहस्यमय पहलुओं पर विचार प्रस्तुत किए गए, जिन्हें विश्वभर से आए विद्वानों ने अत्यंत सराहना के साथ स्वीकार किया। यह दर्शाता है कि भारतीय ज्योतिष आज भी अपनी वैज्ञानिकता, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक गहराई के कारण विश्व मंच पर प्रासंगिक और सम्मानित है।

संस्थान के प्रभारी पंडित वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि पंडित शर्मा का पूर्व भी कई सम्मेलन मे गोल्ड मेडल, ज्योतिष शिरोमणि, एवं दो विश्वविद्यालय से पीएचडी उपाधि से भी सम्मानित किया जा चूका है । इस सम्मेलन में भारतीय ज्योतिष की वैज्ञानिक, आध्यात्मिक एवं परंपरागत विरासत को श्रीलंका मैं भारत से पंडित राज शर्मा जयपुर, पंडित ताराचंद शास्त्री सवाई माधुपुर गिरधारी ग्रोवर फरीदाबाद, सुनील सचदेवा फरीदाबाद, पंडित राजू नेपाल सहित अन्य कई देशों से पधारे ज्योतिषाचार्यों ने सेमिनार साझा किया यह संवाद न केवल ज्ञान का आदान-प्रदान था, बल्कि विभिन्न संस्कृतियों के बीच एकता और सहयोग को भी सुदृढ़ करने का माध्यम बना। यूनाइटेड नेशन एवं भारत की ओर से विभिन्न देशों से आए विद्वानों का सम्मान कर वैश्विक स्तर पर ज्योतिषीय एकता और सांस्कृतिक संवाद को नई दिशा दी गई। यह स्वर्णिम क्षण भारतीय ज्योतिष की गरिमा और गुरु परंपरा के लिए अविस्मरणीय रहेगा। यह आयोजन न केवल एक सम्मान समारोह था, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा की वैश्विक पुनःस्थापना की ओर एक सशक्त कदम भी सिद्ध हुआ।

अरावली के साथ अन्याय नहीं रोका गया तो कांग्रेस जनआंदोलन को करेगीं और तेजः जीपी खटीक

जनहित व पर्यावरण संरक्षण को लेकर जन-जागरण रैली आयोजित कर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, सौपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा। अरावली पर्वतमाला के संरक्षण एवं मनरेगा योजना को कमजोर/निरस्त किए जाने के प्रयासों के विरोध में आज जिला कांग्रेस कमेटी, भीलवाड़ा शहर के नेतृत्व में जोरदार जन-जागरण रैली आयोजित कर सिटी कंट्रोल रूम के बाहर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन भीलवाड़ा तहसीलदार मैडम नीरज रावत को सौंपा गया। ज्ञापन में महामहिम राष्ट्रपति से अरावली क्षेत्र में खनन पर तत्काल रोक, अरावली को पूर्ण संरक्षित क्षेत्र घोषित करने, मनरेगा को कमजोर करने वाले किसी भी प्रस्ताव को वापस लेने तथा पर्यावरण एवं गरीब-विरोधी नीतियों पर पुनर्विचार करने की मांग की गई है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष शिवराम जीपी खटीक के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद की और सरकार को चेताया कि जनहित व पर्यावरण से समझौता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी, भीलवाड़ा शहर के जिलाध्यक्ष शिवराम जीपी खटीक ने कहा कि अरावली पर्वतमाला राजस्थान की ऐतिहासिक, प्राकृतिक एवं पर्यावरणीय धरोहर होने के साथ-साथ पूरे क्षेत्र की जीवनरेखा है। लेकिन केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार द्वारा खनन पट्टों के आवंटन के जरिए इसे खनन माफियाओं के हवाले करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। जी.पी. खटीक'' ने चेतावनी दी कि यदि अरावली के साथ यह अन्याय नहीं रोका गया तो कांग्रेस जन-आंदोलन को और तेज करेगी। मनरेगा योजना पर भी चिंता जताते हुए कहा कि गरीबों, मजदूरों और ग्रामीण जनता की जीवनरेखा मानी जाने वाली इस योजना को कमजोर या समाप्त करने की चर्चाएं करोड़ों परिवारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं। कांग्रेस पार्टी ऐसे किसी भी जनविरोधी फैसले को स्वीकार नहीं करेगी। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी, अनिल डांगी, नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक, रामगोपाल पुरोहित, भंवर गर्ग, रेखा हिरण, हारून रंगरेज, अनिल राठी, एनएसयूआई अध्यक्ष भावेश पुरोहित, विक्की ब्यावट, योगेश सोनी, शिवकुमार घावरी, निसार सिलावट, राजकुमार माली, राधेश्याम भड़ाना, सत्यवीर सिंह राठौड़ उपस्थित रहे।

हलेड में रस्साकशी का रोमांच, दांव पर लगी प्रतिष्ठा, महिलाओं ने भी दिखाया दमखम

रस्साकशी जैसा पारंपरिक खेल न केवल शारीरिक बल, बल्कि टीम भावना और एकाग्रता का भी प्रतीकः रामपाल चौधरी

सांवरिया क्लब बना विजेता, अब सुवाना में हलेड का करेंगे प्रतिनिधित्व

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा। गांव की चौपाल पर जब जोर-आजमाइश शुरू हुई, तो उत्साह का सैलाब उमड़ पड़ा। मौका था भगवान श्री बलराम पुरुष रस्साकशी प्रतियोगिता के तहत हलेड में आयोजित क्वालीफाइंग मुकाबले का। यहाँ न केवल पुरुषों ने अपनी ताकत का प्रदर्शन किया, बल्कि महिलाओं ने भी रस्सा थामकर मैदान में अपना जबरदस्त जज्बा दिखाया। प्रतियोगिता को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया। कुल 7 टीमों ने जीत के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाया। हर मुकाबले में रस्से के दोनों ओर खड़े खिलाड़ी अपनी पूरी ताकत झोंक रहे थे, वहीं दर्शकों की हूटिंग और तालियों ने माहौल को और भी रोमांचक बना दिया। विशेष रूप से महिलाओं की भागीदारी ने इस आयोजन को भव्य बना दिया। कांटे की टक्कर के बीच फाइनल मुकाबला सांवरिया क्लब और महाराजा सूरजमल टीम के बीच खेला गया। दोनों ही टीमें एक-दूसरे को पटखनी देने के लिए संघर्ष करती रहीं, लेकिन अंत में सांवरिया क्लब ने बेहतर तालमेल और ताकत के दम पर खिताबी जीत हासिल की। अब यह टीम सुवाना पंचायत समिति स्तर पर आयोजित होने वाली महा-प्रतियोगिता में हलेड गाँव का प्रतिनिधित्व करेगी। आयोजक रामपाल चौधरी (पांसल) ने कहा की प्रत्येक युवाओं को कोई न कोई एक खेल अवश्य खेलना चाहिए। इससे हम खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से चुस्त-दुरूस्त रख सकते हैं। खेलों से आपसी सौहार्द व भाईचारे की भावना बढ़ती है। रस्साकशी जैसा पारंपरिक खेल न केवल शारीरिक बल, बल्कि टीम भावना और एकाग्रता का भी प्रतीक है। खेल में हार और जीत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। आपसी भाईचारा और प्रेम बना रहे खेल का असली मकसद वही है। चौधरी ने बताया कि सुवाणा पंचायत समिति की पंचायतों के बीच होने वाले इस महा-मुकाबले में विजेता टीम को 1 लाख रुपये, उपविजेता को 51 हजार और तृतीय स्थान पर रहने वाली टीम को 21 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। पंचायत स्तर पर क्वालीफाई करने वाली टीमों को आयोजकों की ओर से रंगीन ड्रेस किट भी प्रदान की जाएगी।

छठे राउण्ड में रही आगे निकलने की होड़,दिल्ली के आर्यन ने बनाई एकल बढ़त

भीलवाड़ा ओपन अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता में छठे राउण्ड के मुकाबलों में कड़ी टक्कर

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय द्वितीय भीलवाड़ा ओपन अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग शतरंज में चौथे दिन शनिवार को छठे राउण्ड के मुकाबले कड़ी टक्कर वाले रहे। हर मुकाबले में शतरंज के शातिरों ने हर चाल में प्रतिद्धंदी को मात देकर आगे निकलने के लिए पूरा जोर लगा दिया। कई मुकाबले इतने कश्मकश वाले थे कि हर चाल प्रतिद्धंदी को सोचने के लिए मजबूर कर रही थी। शह ओर मात के दाव से भरपुर इस प्रतिस्पर्धा के छठे राउण्ड के मुकाबले पूर्ण होने के बाद दिल्ली के आर्यन वार्ष्नेय ने एकल बढ़त बनाते हुए अपनी खिताबी दावेदारी को मजबूत कर लिया है हॉलाकि अभी प्रतियोगिता में तीन दौर की बाजियां ओर होना बाकी है। छठे राउण्ड के मुकाबले प्रारंभ होने से पूर्व शुभारंभ विशिष्ट अतिथि व्यवसायी नितिन पुरोहित,समाजसेवी जगदीश पुरोहित एवं अरूण गौड़ ने किया। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन करने के साथ सरस्वती वंदना की। इसके बाद टेबल एक पर सांकेतिक चाल चल राउण्ड का शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत राजस्थान शतरंज संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाशचन्द्र डाड, कोषाध्यक्ष अजयकुमार गुप्ता, जिलाध्यक्ष मुकेश गुर्जर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हीरालाल टेलर, उपाध्यक्ष कन्हैयालाल टेलर, संयुक्त सचिव सत्यनारायण पुरोहित आदि ने किया। छठे राउण्ड के मुकाबले पर आकर्षण का मुख्य केन्द्र पहली टेबल पर हुआ मुकाबला रहा जिसमें टॉप पर संयुक्त बढ़त बनाए दिल्ली के आर्यन वार्ष्नेय एवं छत्तीसगढ़ के आशुतोष बनर्जी आमने सामने थे। मुकाबले में कड़ी टक्कर की उम्मीद थी लेकिन आशुतोष बनर्जी की तेरहवीं चाल में कैस्लिंग ओर पन्द्रहवी चाल में उंट को बी पांच पर चलना बहुत महंगा पड़ा। छठे राउंड में टेबल नंबर दो पर मुकेश मंडलोई ने काले मोहरों के साथ खेलते हुए पुंजाब के राम प्रकाश को मात टिकाई।मुकेश ने राम प्रकाश की सोलहवीं चाल घोड़े की चली जो कि उनके लिए बहुत ही भारी पड़ी । मुकेश ने इस गलती का फायदा उठाते हुए 43 चालों में राम प्रकाश से बिसात छुड़वाई ।

गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता में देश के 16 राज्यों के 248 शतरंज खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए शामिल हुए है। प्रतियोगिता में 20 लाइव चैस बोर्ड चल रहे है जिसके माध्यम से हर मैच को ऑनलाइन दुनिया में देखा जा सकता है।

राउंड 6 के प्रथम दस टेबल के परिणाम

दिल्ली के आर्यन वार्ष्नेय ने छतीसगढ़ के आशुतोष बनर्जी, राजस्थान के मुकेश मंडलोई ने पंजाब के राम प्रकाश, दिल्ली के अक्षत नेगी ने जयपुर के वीर कुमार, पंजाब के मेधान्श गोयल ने वरिष्ठ खिलाड़ी बजरंग लाल प्रजापत, जोधपुर के भव्या मूलचंदनी ने भीलवाड़ा के अमित कुमार डाड, मध्यप्रदेश के रेवांश वैध्य ने राजस्थान के आर्यन शर्मा, राजस्थान के शौर्य भार्गव ने उत्तरप्रदेश के अवधेश प्रताप सिं, को हराया। राजस्थान के दिव्यान्शु बाबेल व भीलवाड़ा के अक्षत कुमार लखारा, दिल्ली के साइकत नाथ व गुजरात के मानुष पटेल, राजस्थान की आरध्या उपाध्याय व राजस्थान के सौम्य अग्रवाल के बीच बाज़ी बराबरी पर छूटी।

संजय कॉलोनी में घर उपर धड़ाम से गिरा बिजली का पोल, बड़ा हादसा टला

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

शहर की संजय कॉलोनी में बड़ा हादसा होते-होते टल गया। कॉलोनी में धीरज राव के मकान के सामने लगा बिजली का पोल अचानक भरभराकर गिर पड़ा। गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई राहगीर या वाहन मौजूद नहीं था, वरना गंभीर जान-माल का नुकसान हो सकता था। पोल गिरने से बिजली के तार बुरी तरह उलझ गए और सड़क पर खतरे की स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई और बिजली विभाग की लापरवाही पर आक्रोश देखा गया। घटना की सूचना के बाद क्षेत्रवासियों ने तुरंत बिजली विभाग से पोल हटाने और सुरक्षित व्यवस्था करने की मांग की।

बीबी का कत्ल कर ससुराल पहुंचा दामाद चाय, मिठाई खाकर करता रहा तलाश का नाटक

हृदय विदारक दृश्य पांच दिन बाद देख ग्रामीण रह गए सन्न

स्मार्ट हलचल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में रिश्तों की सबसे डरावनी तस्वीर तब सामने आई, जब जिस दामाद को लोग अपनी बेटी का दुखी पति समझकर ढांढस बंधा रहे थे, वही उसकी हत्या का गुनहगार निकला। पत्नी को मौत के घाट उतारने के बाद आरोपी बेखौफ ससुराल पहुंचा, सम्मान पाया, खातिरदारी कराई और गांव भर में पत्नी की तलाश का नाटक करता रहा। किसी को जरा भी अंदेशा नहीं था कि यह सब एक खौफनाक साजिश का हिस्सा है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि बेलघाट थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार देर रात पति- पत्नी के बीच कहासुनी हुई। बात इतनी बढ़ी कि पति ने सोती हुई 25 वर्षीय पत्नी का गला दबाकर उसकी जान ले ली। हत्या के बाद उसने शव के हाथ-पैर बांधे और घर के पीछे छह फीट गहरा गड्ढा खोदकर उसे दफना दिया। इसके बाद उसने ऐसा ढोंग रचा, जिसने पूरे गांव को भ्रम में डाल दिया। हत्या के बाद आरोपी सीधे गोला क्षेत्र स्थित ससुराल पहुंचा। वहां खुद को परेशान पति बताकर पत्नी की खोज-खबर लेने का नाटक किया। ससुराल वालों ने

उसे मीठा खिलाया, चाय पिलाई और दिलासा दिया। विवाहिता की छोटी बहन, सहेलियां और पिता सभी उसे दुखी दामाद समझते रहे। गांव वाले भी यही मान बैठे कि पत्नी कहीं नाराज होकर चली गई होगी।

आरोपी चालाकी से लोगों के बीच पत्नी के चरित्र पर शक जताता रहा। कहता रहा कि वह अनजान लोगों से बात करती थी और मोबाइल लेकर कहीं चली गई है। गांव की महिलाओं ने उसे समझाया, लेकिन किसी को हत्या का अहसास नहीं हुआ। दरअसल, महिला के बार-बार झगड़े के बाद घर छोड़कर जाने की आदत ही आरोपी के लिए ढाल बन गई। ग्रामीणों ने सोचा, इस बार भी कुछ दिनों में वह लौट आएगी। सर्दी की रातों का सन्नाटा, परिवार की मौजूदगी और पुरानी आदतों ने शक को दबा दिया।

घटना के चार दिन बाद घर के पीछे ताजा खुदाई दिखी तो परिवार के कुछ लोगों को अनहोनी की आशंका हुई। बात मां तक पहुंची, फिर पुलिस को सूचना दी गई। जांच के बाद जब गड्ढा खोदा गया तो सच्चाई ने सबको झकझोर दिया। शव निकलते ही गांव में मातम और सन्नाटा पसर गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि शक और झगड़े उसकी पत्नी की मौत की वजह बने।प्रेम विवाह से शुरू हुआ रिश्ता अविश्वास में बदल गया और अंत कत्ल पर आकर रुका। मृतका का जीवन शुरू से संघर्षों में बीता था। मां पहले ही गुजर चुकी थी, पिता मजदूरी कर परिवार पालते थे। जिस दिन हत्या की खबर आई, उसी दिन उसका भाई बहन के ससुराल खिचड़ी लेकर जाने की तैयारी कर रहा था।यह घटना सिर्फ एक हत्या नहीं, बल्कि भरोसे की हत्या है। जिस दामाद को बेटी का सहारा समझा गया, वही उसका कातिल निकला और पांच दिन तक पूरे गांव को अंधेरे में रखता।

चारभुजा नाथ बड़ा मंदिर में मनाया पोष बड़ा महोत्सव

चारभुजा नाथ के विशेष झांकी सजाई गई

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

श्री माहेश्वरी समाज श्री चारभुजा जी मंदिर ट्रस्ट के तत्वाधान पोष शुक्ला साता शनिवार को बड़े मंदिर में पोष बड़ा महोत्सव का आयोजन हुआ

ट्रस्ट मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज साय चारभुजा नाथ का विशेष श्रृंगार किया गया इसके बाद महा आरती का आयोजन हुआ पोष बड़ा महोत्सव के तहत चारभुजा नाथ को विशेष रूप से हलवाइयों द्वारा तैयार चवले ,उलद,मुन्ग के पोष बड़े एवं केसरिया सूजी हलवा का भोग लगाया गया।

आरती के बाद मंदिर प्रांगण में प्रसाद वितरण किया गया मंदिर की परिक्रमा में भक्तों की प्रसाद लेने के लिए लंबी लाइने लगी इस अवसर पर महा आरती में ट्रस्ट संरक्षक उदयलाल समदानी, रामेश्वर तोषनीवाल, अध्यक्ष चंद्र सिंह तोषनीवाल ,मंत्री प्रहलाद भदादा, बद्रीलाल डाड, सत्यनारायण सोमानी, राकेश पटवारी रमेश जागेटिया छीतरमल डाड सुनील सोनी, रमेश बाहेती,सत्यनारायण डाड, राजेंद्र कचोलिया, लादू लाल सोमानी आदि मौजूद थे।

निशुल्क जोड़ दर्द एवं प्रत्यारोपण शिविर 4 जनवरी को

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति के तत्वाधान में निशुल्क जोड़ दर्द एवं प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया जाएगा शिविर अहमदाबाद के प्रसिद्ध जोड़ विशेषज्ञ 4 जनवरी को आर सी व्यास कॉलोनी स्थित अपना घर वृद्ध आश्रम में प्रातः 10:30 बजे से 2 बजे तक अपनी निशुल्क सेवाएं देंगे शिविर में डॉ दीपक दवे एवं डॉ रौनक देसाई एमएस ओर्थो अहमदाबाद द्वारा रोगियों को निशुल्क परामर्श देंगे शिविर में जोड दर्द, गुटना ,रीड की हड्डी कुल्हा कन्धा हड्डी संबंधी विकृत बीमारी, सीढ़ियां चढ़ने उतरने में दिक्कत, आलती पालती मारने में दिक्कत, पैरों में झनझनाहट सुन्नापन आदि रोगियो को परामर्श देंगे। शिविर प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि शिविर में डॉ दीपक दवे एवं डॉ रौनक देसाई एमएस ओर्थो अहमदाबाद द्वारा रोगियों को निशुल्क परामर्श देंगे चिकित्सक मैनेजर अनिल शर्मा ने बताया कि शिविर में जोड दर्द, गुटना, रीड की हड्डी कुल्हा कन्धा हड्डी संबंधी विकृत बीमारी, सीढ़ियां चढ़ने उतरने में दिक्कत, आलती पालती मारने में दिक्कत, पैरों में झनझनाहट सुन्नापन आदि रोगियो को परामर्श देंगे।

दीपक कुमार गैरोला का औचक निरीक्षण, संस्कृत संभाषण व विज्ञान-गणित पर जोर

स्मार्ट हलचल

मसूरी। संस्कृत शिक्षा सचिव दीपक कुमार गैरोला ने जनपद देहरादून के मसूरी स्थित श्री सनातन धर्म संस्कृत उत्तर मध्यमा विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने विद्यालय में रखे गए समस्त शैक्षणिक व प्रशासनिक अभिलेखों की गहन जांच की। इसमें अध्यापक व छात्र उपस्थिति पंजिका, अतिथि पंजिका, विद्यालयीय गतिविधियों से संबंधित छायाचित्र पंजिका सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज शामिल रहे।

निरीक्षण के बाद सचिव दीपक कुमार गैरोला ने विद्यालय परिसर में छात्रों से संवाद किया। उन्होंने छात्रों को अध्ययन के प्रति रुचि बढ़ाने, लक्ष्य निर्धारित करने एवं भविष्य की दिशा तय करने को लेकर मार्गदर्शन दिया। सचिव ने कहा कि संस्कृत शिक्षा को समय की आवश्यकता के अनुरूप आधुनिक विषयों से जोड़ना जरूरी है, ताकि विद्यार्थियों को व्यापक अवसर मिल सकें।

सचिव ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि श्रीमद्भगवद्गीता के अष्टादश अध्यायों का भावार्थ एवं सार सहित नियमित पठन-पाठन कराया जाए। इसके साथ ही नगर पालिका क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्रों में नियमित संस्कृत संभाषण शिविरों का आयोजन करने पर भी जोर दिया, जिससे छात्रों के साथ-साथ आमजन में भी संस्कृत भाषा के प्रति रुचि विकसित हो सके।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सचिव को अवगत कराया कि प्रतिवर्ष छात्रों को शैक्षिक भ्रमण पर ले जाया जाता है। पूर्व वर्षों में मथुरा-वृंदावन का भ्रमण कराया गया, जबकि इस वर्ष छात्रों को ऋषिकेश ले जाने की योजना है। इस पर सचिव ने निर्देश दिए कि अन्य संस्कृत विद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिससे संस्कृत संभाषण एवं गीता-संवाद के माध्यम से विचारों का आदान-प्रदान हो सके।

छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सचिव दीपक कुमार गैरोला ने विद्यालय प्रबंधन से कहा कि उत्तराखंड शासन के निर्देशों के तहत उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद से पूर्व एवं उत्तर मध्यमा स्तर पर विज्ञान और गणित विषयों की मान्यता प्राप्त की जाए। साथ ही योग्य अध्यापकों की नियुक्ति की जाए, ताकि आने वाले समय में संस्कृत विद्यालयों के छात्र भी छुश्वश्व मेन्स और हश्वश्व' जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग ले सकें।

सचिव ने छात्रों को संस्कृत के साथ-साथ एक विदेशी भाषा सीखने की सलाह दी। उन्होंने मानसिक दक्षता और तार्किक क्षमता के विकास के लिए भारतीय गणित को वैकल्पिक विषय के रूप में अपनाने पर भी जोर दिया।

निरीक्षण कार्यक्रम के बाद सचिव ने स्टेशनरी एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने वाली कृपालु महाराज जी की संस्था 'राधा कुंज' का भ्रमण किया और इस सामाजिक कार्य के लिए संस्था के पदाधिकारियों का आभार जताया।

अजबपुरा में चोरों का आतंक, दो ज्वेलर्स की दुकानों कों बनाया निशाना

स्मार्ट हलचल | बानसूर

नारायणपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अजबपुरा में शुक्रवार देर रात चोरों ने दो ज्वेलर्स की दुकानों के शटर तोड़कर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया हैं। चोर पिकअप गाड़ी में सवार होकर आए और करीब 12 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात, नगदी व अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। थाना प्रभारी रोहिताश कुमार ने बताया कि घटना रात करीब साढ़े 12 बजे की है। सूचना मिली कि अजबपुरा बाजार स्थित देव ज्वेलर्स और कृष्णा ज्वेलर्स की दुकानों में चोरी हुई है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

ज्वेलर्स चिंटू सोनी और मोहित सोनी ने बताया कि रात करीब एक बजे मकान मालिक शिवचरण ने दुकान का शटर खुला देखा और उन्हें सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर अलमारियों के ताले टूटे मिले और सामान गायब था। मोहित सोनी की दुकान से 10 लाख रुपये से अधिक के जेवरात, जबकि चिंटू सोनी की दुकान से 50 हजार रुपये नगद व करीब एक लाख रुपये के आभूषण चोरी हुए।सीसीटीवी फुटेज में पिकअप में सामान ले जाते बदमाश कैद हुए हैं। घटना से आक्रोशित व्यापारियों ने शनिवार को बाजार बंद कर दिया, वहीं महिलाओं ने बस स्टैंड पर धरना देकर चोरी के खुलासे की मांग की। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

जातिवाद का जहर त्यागें, विकास को ही बनाएं अपना ध्येय-राठौड़

स्मार्ट हलचल

सादुलपुर। सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र की नव सृजित पंचायत समिति चाँदगोठी में आयोजित 'धन्यवाद सभा' एक विशाल जन-उत्सव में तब्दील हो गई। कार्यक्रम में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने शिरकत करते हुए क्षेत्र के विकास और सुशासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने समाज को जातिवाद की संकीर्ण राजनीति से ऊपर उठने का कड़ा संदेश दिया।

सरकार के दो वर्ष: ऐतिहासिक उपलब्धियों का काल

जनसभा को संबोधित करते हुए राजेन्द्र राठौड़ ने राजस्थान की भाजपा सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल को ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को ध्यान में रखकर निर्णय लिए हैं। राठौड़ ने स्पष्ट शब्दों में आह्वान किया कि, 'जातिवाद समाज के लिए विष के समान है; हमें इस जहर से बचकर केवल विकास की मुख्यधारा को लक्ष्य बनाना होगा। '

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने केंद्र और राज्य की योजनाओं का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने जिस अंत्योदय का स्वप्न देखा था, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा धरातल पर उतार रहे हैं।

खिलाड़ी भावना से होगा सादुलपुर का कायाकल्प: देवेंद्र झाझड़िया

पद्मभूषण देवेन्द्र झाझड़िया ने अपने संबोधन से कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया। उन्होंने कहा, 'मैं एक खिलाड़ी हूँ और जीत-हार को खेल भावना से स्वीकार करता हूँ। मेरा उद्देश्य नकारात्मक राजनीति करना नहीं, बल्कि सादुलपुर के हर कोने तक विकास की रोशनी पहुँचाना है। '

प्रमुख उपस्थित:

कार्यक्रम में वासुदेव चावला, प्रो. दलीप पूनिया, सरपंच भरतसिंह, जिला प्रवक्ता विमल पूनियाँ, कृष्ण जांगिड़, सुरेंद्र स्वामी और भारी संख्या में मंडल अध्यक्ष एवं स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सोलंकी बने चित्तौड़गढ़ ज़िला कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

स्मार्ट हलचल| निंबाहेड़ा

राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता उदयलाल आंजना की अनुशंसा पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा तथा प्रदेश कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पूनिया की सहमति से ग्राम बडोली माधोसिंह, तहसील निंबाहेड़ा निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता लक्ष्मणसिंह सोलंकी को चित्तौड़गढ़ ज़िला कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है।

अधिवक्ता लक्ष्मणसिंह सोलंकी की नियुक्ति पर कांग्रेसजनो ने हर्ष व्यक्त किया। सोलंकी की नियुक्ति से संगठन को विधिक रूप से और अधिक सशक्त करने में मदद मिलेगी। कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ ज़िले में संगठनात्मक मजबूती प्रदान करेगा तथा आमजन को न्याय दिलाने के कार्य में सक्रिय भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर छोटीसादड़ी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान मनोहरलाल आंजना सहित कांग्रेसजनों ने अधिवक्ता लक्ष्मणसिंह सोलंकी का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया तथा ज़िला कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

कार्यक्रम में निंबाहेड़ा नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष सुभाषचन्द्र शारदा, चित्तौड़गढ़ ज़िला फुटबॉल संघ अध्यक्ष पूरण आंजना, क्रय-विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष गोपाल आंजना, ज़िला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम झंवर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सम्पत धाकड़, नगर कांग्रेस संगठन महासचिव रविप्रकाश सोनी, ज़िला फुटबॉल संघ कोषाध्यक्ष मनोज पारख, ज़िला कांग्रेस कमेटी के महासचिव मनोहर सिंह मीणा,ज़िला कांग्रेस कमेटी सचिव नुसरत खान, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन नगर अध्यक्ष रोमी पोरवाल, नगर कांग्रेस महासचिव समुद्र सिंह गुंडूसुर, बाड़ी सरपंच गोपाल रैगर,बाड़ी ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष बाबूलाल जाट, गुड्डाखेड़ा ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि चरण सिंह जाट,पूर्व पार्षद शोभाराम जाट,बाबू खान मेव, दिलखुश मीणा,सहित कांग्रेस कार्यालय प्रभारी ज़ाकिर हुसैन तथा बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, जनप्रतिनिधि एवं अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

पीसीसी चीफ डोटासरा बानसूर पहुंचे

स्मार्ट हलचल | बानसूर

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा का शनिवार कों सीकर से अलवर जातें समय बानसूर विधानसभा क्षेत्र में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं द्वारा जगह जगह गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान नई सड़क स्थित सरपंच अमर सिंह बूरा के कार्यालय पर पूर्व मंत्री शकुंतला रावत सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डोटासरा का साफ़ा व माला पहनाकर स्वागत किया तों वही मंडी सर्किल पर मुकेश यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पीसीसी चीफ का स्वागत किया।मीडिया से रूबरू होते हुए गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि अरावली पर्वतमाला को राजस्थान की जीवन रेखा हैं और इसे बचाने के लिए कांग्रेस संघर्ष कर रहीं हैं। सरकार कुछ पूंजीपत्तियों के फायदे के लिए अरावली के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। नई परिभाषा और अवैध खनन ने इस क्षेत्र की पारिस्थितिकी संतुलन पर गंभीर खतरा खड़ा कर दिया है। कांग्रेस जनता को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर रही है और सरकार की नाकामियों को सामने ला रही हैं। इस दौरान पूर्व उद्योग मंत्री शकुंतला रावत,जिला अध्यक्ष इंद्राज गुर्जर, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, पीसीसी सचिव संजय यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भीम सिंह पटेल, सरपंच अमर सिंह बूरा, रणवीर डोई, महेंद्र ढाकला,नगर अध्यक्ष राहुल आर्य सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहें।

रेसला ने किया भामाशाह का सम्मान

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ,रेसला उदयपुर उदयपुर की ओर से भामाशाह दिनेश कावड़िया(जैन) का अभिनन्दन किया गया।

रेसला जिला मंत्री ऋषिकेष डी गामोट के अनुसार गत दिनों उदयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन में उपस्थित होने वाले पांच सौ प्राध्यापकों के लिए भामाशाह द्वारा लैपटॉप बैग प्रदान किए गए थे। इस सहयोग पर टेक्नोय मोटर्स उदयपुर के सीईओ दिनेश जी कावड़िया को स्मृति चिह्न व पायरोग्राफी आर्ट फ्रेम भेंट करने के साथ ही शॉल व उपरणा ओढ़ा कर रेसला की कार्यकारिणी द्वारा धन्यवाद व आभार ज्ञापित करते हुए अभिनन्दन किया गया । इस अवसर पर भामाशाह के सुपुत्र हिमांशु कावड़िया के साथ ही रेसला मण्डल उपाध्यक्ष ललित आमेटा, जिलाध्यक्ष गिरीश कुमार चौबीसा,सुरेश व्यास आदि उपस्थित रहे।

मुख्य ट्रस्टी आंजना ने तीसरे दिन विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का किया अवलोकन

ऑपरेशन उपरांत स्वास्थ्य लाभ ले रहे नेत्र मरीजों से मिलकर जाना कुशलक्षेम

स्मार्ट हलचल|निंबाहेड़ा

निंबाहेड़ा के पेच एरिया परिसर में हरीश आंजना एजुकेशन सोसायटी (रजि.) के तत्वावधान में आयोजित दसवें विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के तीसरे दिन शिविर स्थल पर सेवाभाव और मानवता की अनुपम मिसाल देखने को मिली। यह शिविर भ्रमणशील शल्य चिकित्सा इकाई, राजस्थान जयपुर के चिकित्सकीय सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि यह विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री एवं हरीश आंजना एजुकेशन सोसायटी (रजि.) के मुख्य ट्रस्टी उदयलाल आंजना के सुपुत्र, छोटी सादड़ी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान मनोहरलाल आंजना के भतीजे स्वर्गीय श्री हरीश जी आंजना, मातुश्री स्व. श्रीमती गोपीबाई जी आंजना, पिताश्री स्व. श्री भेरूलाल जी आंजना एवं बहिन स्व. श्रीमती कमला बाई जी आंजना की पुण्य स्मृति में दिनांक 25 दिसम्बर से निरंतर आयोजित किया जा रहा है।

शिविर के तीसरे दिन छोटी सादड़ी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान एवं हरीश आंजना एजुकेशन सोसायटी (रजि.) के मुख्य ट्रस्टी मनोहरलाल आंजना तथा युवा

उद्योगपति एवं चित्तौड़गढ़ ज़िला फुटबॉल संघ अध्यक्ष पूरण आंजना ने शिविर का विस्तृत अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने नेत्र ऑपरेशन के पश्चात शिविर में स्वास्थ्य लाभ ले रहे नेत्र मरीजों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा उन्हें बेहतर स्वास्थ्य लाभ की शुभकामनाएं दीं।

इसके साथ ही सोसायटी के मुख्य ट्रस्टी मनोहरलाल आंजना ने शिविर में चयनित नेत्र रोगियों से स्थानीय जिला चिकित्सालय में चल रहे नेत्र ऑपरेशन के दौरान भी मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और चिकित्सकीय व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

भ्रमणशील शल्य चिकित्सा इकाई, राजस्थान जयपुर की शिविर प्रभारी अधिकारी श्रीमती पूनम गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार तक कुल 335 नेत्र रोगियों के सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं, जो शिविर की सफलता और चिकित्सकीय टीम की दक्षता को दर्शाता है।

वहीं हरीश आंजना एजुकेशन सोसायटी (रजि.) के सचिव डॉ. जगन्नाथ सोलंकी ने बताया कि इस विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में सेवाएं दे रहे चिकित्सकों, विशेषज्ञों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य सहयोगी कार्मिकों द्वारा मानव सेवा की भावना से प्रेरित होकर अत्यंत सराहनीय एवं अनुकरणीय सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। सोसायटी की ओर से सभी चिकित्सकीय एवं सहयोगी टीम का भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

उन्होंने यह भी बताया कि इस पुनीत सेवा कार्य में कांग्रेसजन, युवा कांग्रेस एवं एन एस यू आई परिवार तथा आंजना युवा शक्ति के पदाधिकारीगण,सामाजिक कार्यकर्ता तथा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के गणमान्य नागरिक सक्रिय सहभागिता निभाते हुए शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर न केवल नेत्र रोगियों के लिए वरदान सिद्ध हो रहा है, बल्कि समाज सेवा और मानवीय संवेदनाओं का एक प्रेरणास्पद उदाहरण भी प्रस्तुत कर रहा हैं।

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक न्याय आयोग का 'अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह 2025' भव्यता के साथ हुआ सफल एवं सम्पन्न

समारोह में देश की कई जानी मानी दिग्गज हस्तियों एवं विश्व प्रसिद्ध सामाजिक हस्तियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई

स्मार्ट हलचल

राजस्थान/जयपुर। विश्व विख्यात अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक न्याय आयोग का दि। 25 दिसंबर 2025 गुरुवार को 'अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह 2025' आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय सोशल सेलेब्रिटी तथा वर्ल्ड ह्यूमन राइट्स एम्बेसडर डॉ।संतोष बजाज की प्रमुख उपस्थिति में देश की जानी-मानी दिग्गज हस्तियो की उपस्थित में महलों का राज्य राजस्थान की राजधानी जयपुर में भव्य सफलता के साथ सम्पन्न हुआ, इस भव्य समारोह में उन चुनिंदा सितारों को जो मानवता के प्रति समर्पित होकर कार्य करते है, हर क्षेत्र में ऐसे सैकड़ो लोग है जो अपने-अपने स्तर पर अपनी निस्वार्थ भावनओ से देश की सेवा तथा मानवता के लिए समाजिक कार्य, जनसेवा कार्य व मानवीय सेवा कार्यो के साथ अपने अच्छे कर्म करके योगदान देते आ रहे है, और हमेशा जिनके कार्यो से सीखते हुए सैकड़ो लोगो ने प्रेरणा हासिल की है ऐसे लोगो को आयोग द्वारा उनका सर्वेक्षण कर इस विशाल अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उन्हें आमंत्रित कर अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठित अवार्ड ट्रॉफी, मैडल एवं अंतरराष्ट्रीय प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस भव्य सम्मान समारोह का आयोजन आयोग के राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष तथा

प्रदेश मुख्य महासचिव रिटायर्ड आईएएस भंवरलाल बैरवा के नेतृत्व आयोजित हुआ, आयोजन प्रदेश प्रभारी प्रेम चंद बेरवाल (से।नि आई। ए।एस ऑफिसर) की अध्यक्षता मे किया गया, समारोह में मुख्य अतिथि बतौर अनिल कुमार जैन (से।नि आईआरएस, प्रधान आयकर आयुक्त), आसपुर युवा विधायक उमेश डामोर रहे विशेष अतिथि बतौर जी।सी। राय (से।नि आईपीएस-आई।जी रैंक), सी।पी। खेतानी (एडवोकेट राजस्थान हाइकोर्ट), साई दीपक रोहड़ा (राष्ट्रीय अध्यक्ष माता रुक्मणि देवी संस्थान, मुंबई), प्रसिद्ध एस्ट्रोलॉजर जयश्री शर्मा, प्रसिद्ध रेकी मास्टर सोनिया बजाज, दौलत राम माल्या (संस्थापक अध्यक्ष समर्पण संस्थान, जयपुर) ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

अवार्ड समारोह कार्यक्रम में निम्न क्षेत्रो में प्रतिष्ठित लोगों को सम्मानित किया

भव्य समारोह के प्रथम सत्र में दिप प्रज्वलित एवं गणेश स्तुति व वंदना कर शुरुवात की गई उसके पश्चात प्रत्याशियों को अवार्ड की श्रेणिया जिसमे स्वास्थ्य एवं चिकित्सा पुरस्कार, शैक्षणिक एवं शिक्षा पुरस्कार,पत्रकारिता पुरस्कार, कला एवं संस्कृति पुरस्कार, सामाजिक गतिविधियाँ एवं कल्याण पुरस्कार, व्यापार, उद्योग, कंपनी और ब्रांडिंग पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ एनजीओ और संगठन पुरस्कार,आध्यात्मिक पुरस्कार, कवि एवं लेखक पुरस्कार, खेल और एथेलेटिक पुरस्कार, सेलिब्रिटी फैशन और जीवन शैली पुरस्कार, आदर्श रक्तदान पुरस्कार एवं अन्य विविध श्रेणियों के तहत अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किये गये। जिसमें 50 से अधिक सम्मान विभूतियों को यूनिक अवार्ड ट्रॉफी, प्राइड गोल्ड मैडल व अंतरराष्ट्रीय प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। समारोह के द्वितीय सत्र में आयोग के साथ जुड़े नवनियुक्त पदाधिकारियों को राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा नियुक्ति पत्र, पहचान पत्र व सदस्यता किट देकर उनकी आधिकारिक नियुक्तियां की गई। समारोह के तीसरे सत्र में पद्दोनत पदाधिकारियों को आयोग के प्राइड गोल्ड मैडल देकर सम्मानित किया गया। समारोह के चौथे सत्र में आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा अंतरराष्ट्रीय सोशल सेलेब्रिटी डॉ।संतोष बजाज तथा समारोह में पधारे आयोग के प्रमुख अतिथियों द्वारा अपने अपने विचारों से मार्गदर्शन किया गया जिसमें मुख्य आकर्षण डॉ।संतोष बजाज ने अपने सम्बोधन में मानवाधिकार दिवस की जानकारी तथा मानव के मौलिक अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी तथा हर एक मानव के जीवन मे मानवाधिकार की अहमियत व उसकी कितनी जरूरत है इससे अवगत कराया साथ ही अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक न्याय आयोग के विस्तार कार्यो की विस्तृत जानकारी दी।

समारोह के पाचवे सत्र में पधारे सभी पत्रकार बंधुओं व बहनों का आयोग द्वारा शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह में केरला पधारे सूरज सुन्दरन, उत्तराखंड से पधारे कुलदीप सिंह नेगी, एडवोकेट स्वाति, अहमदाबाद से पधारे मोईन खान पठान, महाराष्ट्र से पधारे प्रदीप आपगे तथा अनेक राज्यों से आयोग के पदाधिकारियों ने भारी संख्या में भाग लिया, समारोह को सफल बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक न्याय आयोग के पदाधिकारी भरत देवड़वाल, रामप्रसाद जाट, राजेश स्वामी, रवि बैरवा, आदि पदाधिकारियों व सदस्यो ने अथक परिश्रम किया। कार्यक्रम का अप्रतिम मंच संचालन दूरदर्शन चैनल एंकर प्रसिद्ध सेलिब्रिटी गौरव शर्मा ने किया गौरव शर्मा को बेस्ट एंकरिंग का अवार्ड प्रदान किया गया। अंत में समारोह समापन के दौरान सभी पधारे हुए अतिथियों व सम्मिलित हुए सम्मानित लोगों का आभार प्रकट प्रदेशाध्यक्ष रामजीलाल बैरवा द्वारा किया गया।

कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस आज

स्मार्ट हलचल

निवाई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में रविवार को पटेल फार्म हाउस पर कांग्रेस पार्टी का 140 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। कांग्रेस कमेटी के निवाई शहर अध्यक्ष सतीश शर्मा व निवाई ब्लॉक अध्यक्ष शंकरलाल जाट, पीपलू ब्लांक अध्यक्ष जयनारायण मीणा ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस में प्रदेश प्रभारी राजेंद्र चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी भाग लेंगे। इस दौरान विचार गोष्ठी का आयोजन होगा। इसके बाद ब्लॉक व शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान मे भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा योजना के नाम परिवर्तन एवं उसे कमजोर करने के विरोध में पदयात्रा निकाली जाएगी। जिसमें कांग्रेस कमेटी की समस्त कार्यकारिणी, विधानसभा प्रभारी, प्रधान, जिला पदाधिकारी, अग्रिम संगठन, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, समस्त मण्डल अध्यक्ष मय कार्यकारिणी व पाषर्द सहित समस्त कांग्रेस के कार्यकर्ता भाग लेंगे।

क्रिएटिव चैंप्स प्री-स्कूल में धूमधाम से मना स्पोर्ट्स डे

स्मार्ट हलचल | जयपुर

मुहाना मंडी गेट नंबर 3 के बाहर स्थित क्रिएटिव चैंप्स प्री-स्कूल का स्पोर्ट्स डे केसर अकादमी में उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने योग, रेस, डांस, मार्चपास्ट व जुम्बा डांस जैसी विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रिंसिपल रश्मि छाबड़ा रहीं। स्पोर्ट्स डे के दौरान बच्चों ने अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का बेहतरीन प्रदर्शन किया। अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों को मेडल वितरित कर प्रोत्साहित किया गया। इस आयोजन में बच्चों के माता-पिता की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। साथ ही केसर अकादमी व क्रिएटिव चैंप्स प्री-स्कूल के शिक्षकों का सहयोग रहा।

7 साल से फरार स्थायी वारन्टी दिलीप उर्फ सेठिया को पुलिस ने किया गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | पावटा

प्रागपुरा पुलिस ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए 7 साल से फरार चल रहे स्थायी वारन्टी दिलीप उर्फ सेठिया निवासी गुर्जरवास झुन्झुनू को गिरफ्तार किया ।कोटपूतली - बहरोड़ जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने प्रेस नोट के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि जिले में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु सभी थानाधिकारियों को निर्देशित किया गया था। अभियान को सफल बनाने एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक कोटपूतली नाजिम अली के सुपरविजन व वृत्ताधिकारी वृत विराटनगर उमेश कुमार निठारवाल के निर्देशन एवं प्रागपुरा थानाधिकारी भजनाराम के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने दिए गये टॉस्क की पालना में अथक प्रयास कर दिलीप उर्फ सेठिया पुत्र संतलाल जाति गुर्जर उम्र 20 साल निवासी गुर्जरवास थाना सिंघाना जिला झुन्झनु को गिरफ्तार किया।

पूरे भारत से शामिल हुए पार्टिसिपेट्स ने फॉरएवर यूनिवर्स और इंडिया ग्रैन्ड फिनाले सीजन 5 में जीते टाइटल

स्मार्ट हलचल

जयपुर। लाजवाब रैम्प वाक और एक से बढ़कर एक सिकवेन्स से जगमगाती फॉरएवर ग्रैन्ड फिनाले की शाम जी स्टूडियो के मंच पर रोशन रही। मौका था फॉरएवर स्टार इंडिया द्वारा आयोजित मिस यूनिवर्स, मिस इंडिया और मिस टीन फॉरएवर यूनिवर्स इंडिया ग्रैन्ड फिनाले सीजन 5 का जहाँ विशाखापटनम की डॉ. सृजना देवी ने मिस फॉरएवर यूनिवर्स इंडिया का ताज जीता तथा मुम्बई की सारथा समीर गोरे ने मिस फॉरएवर यूनिवर्स का टाइटल अपने नाम किया। जी 1 कैटेगिरी में अंजलि सिन्हा और जी 2 कैटेगिरी में भूमिका सोनगरा ने फॉरएवर मिसेज इंडिया 2025 की जीत का ताज पहना। फॉरएवर स्टार इंडिया के संस्थापक राजेश अग्रवाल और डायरेक्टर जया चौहान ने बताया की मिस फॉरएवर यूनिवर्स और मिस फॉरएवर यूनिवर्स इंडिया के टाइटल के अलावा भारत के अलग-अलग राज्यों के विजेताओं को भी फॉरएवर यूनिवर्स और फॉरएवर इंडिया के टाइटल प्रदान किए गए। ग्रैन्ड फिनाले के विजेताओं में उम्र के लिहाज से मिसेज, मिस और टीन कैटेगिरी बनाई गयी थी और उसी के अनुसार विजेताओं को टाइटल दिए गए। फॉरएवर मिस सिटी 2025 विजेताओं में शिल्पा भगानिया (पठानकोट) कुयाशा मुखर्जी (दुर्गापुर) सिमरन सहोता (अमृतसर) मुस्कान इन्दौरा (पंचकूला) और मानसी राना (नार्थ ईस्ट दिल्ली) के नाम शामिल रहे। फॉरएवर मिस टीन सिटी विजेताओं में सुप्रिया चौबे (गोरखपुर) और आकांशा कदम (बुलढाणा) ने बाजी मारी तथा महिमा मिश्रा ने मिस फॉरएवर यूनिवर्स लखनऊ का टाइटल जीता। जी 2 कैटेगिरी में फॉरएवर मिसेज स्टेट विजेताओं में नीतू बगारे (उत्तराखंड) चन्द्रलेखा (तेलंगाना) शिल्पा गाडरे (कर्नाटका) सुपर्णा साहा (पश्चिम बंगाल) रूनी सिंह (झारखण्ड) और मीनाक्षी (राजस्थान) ने जीत दर्ज की। मिसेज फॉरएवर यूनिवर्स स्टेट जी 1 कैटेगिरी में अंजलि मीणा (राजस्थान) अनुप्रिया लता (झारखण्ड) और अंजलि (कर्नाटक) ने जीत हासिल की। फॉरएवर मिस टीन स्टेट 2025 विजेताओं में अंशी वेदक (महाराष्ट्र) ऐश्वर्या (कर्नाटक) प्रसंशा पाणिग्रही (ओडीशा) परिताला दिव्या (आन्ध्र प्रदेश) जयानी मैत्रेयि (गुजरात) ग्रेस प्रोगान्या बिस्वास (पश्चिम बंगाल) प्रीति यादव (तेलंगाना) और एना एलिजाबेथ (केरला) ने जगह पक्की की। गीतांजलि ने फॉरएवर मिस टीन चंडीगढ़ 2025 का खिताब जीता। मिस टीन फॉरएवर यूनिवर्स स्टेट विजेताओं में काव्य बिष्ट (उत्तर प्रदेश) ममता भूमिया (ओडीशा) और सबुरी हरियाणा के नाम शामिल रहे। फॉरएवर यूनिवर्स और फॉरएवर इंडिया ग्रैन्ड फिनाले की कोरियोग्राफी एवं डायरेक्शन प्रसिद्ध अन्तर्राष्ट्रीय कोरियोग्राफर शाय लोबो ने किया। शाय लोबो के साथ उनकी टीम के सदस्य उत्तम भगत, वीनू मिश्रा व सुपर मॉडल पारुल मिश्रा भी उपस्थत रहे। अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त डिजाइनर सादिक रजा, प्रशान्त मजूमदार, विष्णु, अशफाक खान, आरिफ खान और रानू बेनीवाल ने ग्रैन्ड फिनाले में मॉडल्स को अपने आकर्षक परिधानों से सजाया। ग्रैन्ड फिनाले में मॉडल्स को मेकओवर से सजाने वाले नामों में लैक्मे एकेडमी जयपुर से युगल दुबे, बादल, मीनाक्षी शर्मा, मन्दाकिनी और अतिथि केशरवानी प्रमुख रहे तथा जिन्नातिया से जीनत बानो और मेकअप बाय सानिया अली से सानिया के नाम शामिल रहे।

पलाई ग्राम विकास अधिकारी रमेश प्रजापत निलंबित

स्मार्ट हलचल

नगर फोर्ट पलाई पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी रमेश प्रजापत को मुख्य कार्यकारी अधिकारी टोंक परशुराम धानका द्वारा निलंबित कर पंचायत समिति टोंक में उपस्थत होने को आदेशित किया गया है। जानकारी के अनुसार मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने राजस्थान सिविल सेवा(वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 13 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। उल्लेखनीय है निलंबित ग्राम विकास अधिकारी रमेश प्रजापत के ग्राम पंचायत पलाई के पिछले दो वर्ष के कार्यकाल के दौरान 2 बार निलंबित तथा एक बार पूर्व में एपीओ किया जा चुका है। उनके पास वर्तमान में ग्राम पंचायत बालिथल का भी अतिरिक्त कार्यभार था। ग्राम विकास अधिकारी रमेश प्रजापत की हठधर्मिता व मनमानी आमजन पर भारी पड़ रही है, राजनैतिक दे्ष्टा के चलते हुए ग्राम विकास अधिकारी रमेश प्रजापत को बहाल कर वापिस ग्राम पंचायत पलाई में ही लगा दिया जाता है, ग्राम विकास अधिकारी की लगातार आमजन की शिकायतो, मनमानी, अपनी कार्यशैली व प्रशासनिक कारणों के चलते हुए किया गया निलंबित, पलाई में उनके स्थान पर शैलेंद्र सिंह को नियुक्त किया गया है। कस्बे के ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर व स्थानीय विधायक राजेंद्र गुर्जर से मांग करते हुए कहा की ग्राम विकास अधिकारी रमेश प्रजापत को निलंबित से बहाल होने के बाद वापिस ग्राम पंचायत पलाई में नहीं लगाने की मांग की है।

राष्ट्र कथा शिविर हेतु ब्यावर जिले के स्काउट्स गुजरात रवाना

स्मार्ट हलचल

ब्यावर। राष्ट्र कथा शिविर राजकोट हेतु शिक्षा विभाग के आदेशानुसार राजस्थान भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ ब्यावर के 15 स्काउट भाग लेने हेतु रवाना हुए। स्थानीय संघ सचिव गोपाल शर्मा ने बताया कि भारतीय सेना एवं अर्धसैनिक बलों के संयुक्त तत्वाधान में 9 दिवसीय शिविर का आयोजन होगा। इसमें ब्यावर जिले के 15 स्काउट एवं 1 स्काउटर का चयन विभाग द्वारा किया गया है। संपूर्ण भारत के 28 राज्य एवं 8 केन्द्रशासित प्रदेशों के स्कूलों एवं कॉलेजों के 16 हजार विद्यार्थी इस 26 वे राष्ट्र कथा शिविर में भाग लेंगे।

ये विद्यार्थी सभी देशवासियों को राष्ट्र की गौरवशाली विरासत और संस्कृति को जोड़ने का प्रयास करने के साथ देशवासियों को सभी क्षेत्रों में भारत की प्रगति के लिए प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करने का कार्य करेंगे। स्थानीय संघ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देलवाड़ा के स्काउट्स कमलनाथ, हिमांशु बोयत, कुलदीप सिंह, अभिषेक, दिव्यांश, सिद्धार्थ नाथ, सुशील सिंह, मंजीत मेघवंशी, लक्की तवंर, ऋषभ बोयत, लक्षद्वीप भट्ट, बनवीर सिंह, करणवीर, सुमित सिंह, रोहित कुमार के साथ स्काउटर रामकिशोर सालोदिया के नेतृत्व में प्रस्थान किया।

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ब्यावर अनिल कुमार शर्मा, प्रभारी जिला कमिश्नर रोहित जैन, प्रभारी जिला कमिश्नर गाइड विमला चौहान, लीडर ट्रेनर विनोद मेहरा, ए एल टी बाबुद्दीन काठात,सह सचिव गाइड पूनम चौधरी, प्रधानाचार्य विनीता बंसल, राजेश मोयल, चंपालाल, मनोहर सोलंकी आदि ने रवानगी पर हर्ष व्यक्त किया।

जांगिड़ महासभा का 119 वां स्थापना दिवस मनाया महासभा के संविधान का पालन कर करेंगे मजबूत

स्मार्ट हलचल

नगर फोर्ट उनियारा जांगिड़ समाज में अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा का 119 हुआ स्थापना दिवस शनिवार को विश्वकर्मा मंदिर में मनाया गया। समाज के दीपक जांगिड़ में बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत भगवान विश्वकर्मा की वंदना से हुई तत्पश्चात आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए पूर्व जिला महामंत्री एवं मंदिर विकास समिति अध्यक्ष रमेश जांगिड़ ने की हमारे पूर्वज हर क्षेत्र में अग्रणी रहे थे। हम देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा के अनुयायी और महर्षि अंगिरा के वंशज हैं। उत्तम सोच रखते हुए 119 वर्ष पूर्व जांगिड़ समाज को अग्रणी रखने व देश के विकास में योगदान देने के लिए 27 सितंबर 1907 को अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की स्थापना की गई।

जांगिड़ समाज को महासभा के संविधान की पालना करते हुए महासभा की मजबूती के लिए कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर महासभा के संस्थापकों पंडित जयकृष्ण मणीदिया, प.बाबू गोवर्धन दास,डा.इन्द्रमणी शर्मा,प.पालाराम शर्मा को उनके योगदान के लिए याद कर नमन किया। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व गृहमंत्री भारत सरकार स्वर्गीय ज्ञानी जैल सिंह को उनकी पुण्यतिथि पर एव प्रख्यात मूर्तिकार राम सुथार जिन्होंने 60 वर्षों में 'स्टैचू ऑफ यूनिटी' सहित 50 से अधिक स्मारक व मूर्तियां बनाई थी का हाल ही में निधन होने पर एवं गुरु गोविंद सिंह के वीर बालकों की शहादत पर नमन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि हमें महान पुरुषों के विचारों से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री व मंदिर समिति अध्यक्ष रमेश जांगिड़, कैलाश चंद जांगिड़, दीपक जांगिड़, रवि जांगिड़,मोनू जांगिड़, किशन जांगिड़,दिमान्शु जांगिड, पीयूष जांगिड़ जतिन जांगिड़ सहित कई युवा उपस्थित थे।

लघु पुष्कर मांडकला श्री धरणीधर मंदिर में धाकड़ प्रतिभा सम्मान समारोह आज

समारोह में 200 से अधिक प्रतिभाएं व भामाशाह होंगे सम्मानित

स्मार्ट हलचल

नगर फोर्ट अखिल नागरचाल धाकड़ समाज सेवा समिति 108 गाँव (कर्मचारी परिषद) की ओर से धाकड़ समाज प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार 28 दिसंबर 2025 को मांडकला में आयोजित किया जाएगा। कर्मचारी परिषद के प्रवक्ता राकेश धाकड़ ने बताया की प्रतिभा सम्मान समारोह के अध्यक्षता राजेंद्र गुर्जर स्थानीय विधायक देवली उनियारा करेंगे व समाज के डॉक्टर शामिल होंगे, सरिता नागर नगर पालिका अध्यक्ष नैनवा, पूर्व प्रधान पदम नागर व राष्ट्रीय महामंत्री हेमराज नागर भी शामिल होंगे, प्रतिभा सम्मान समारोह में नागरचाल धाकड़ समाज 108 गाँव के मैधावी छात्र छात्राओं, नवनियुक्त चयनित अभ्यार्थियों, सेवानिवृत अधिकारी, कर्मचारी, भामाशाहो, सामाजिक क्षेत्र व खेल जगत में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले 200 से अधिक प्रतिभाओं व भामाशाह को सम्मानित किया जाएगा।

प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रदेश के अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि आदि समारोह में शिरकत करेंगे। सम्मान समारोह में टोंक, सवाई माधोपुर, बूँदी, कोटा, अजमेर, भीलवाड़ा, जयपुर, बारा, झालावाड, चित्तौड़गढ़, भरतपुर आदि जिलों से समाजबंधु भाग लेंगे।

महुवा में क्षारसूत्र शल्य निशुल्क चिकित्सा शिविर में 1100 रोगियों कॉल निशुल्क इलाज

स्मार्ट हलचल

महुवा। महुवा अखंड मुख्यालय के राजकीय टीकाराम पालीवाल उच्च माध्यमिक विद्यालय मेंआयुर्वेद विभाग एवं राष्ट्रीय आयुष मिशन के संयुक्त तत्वावधान में दस दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद अंतरंग क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर मैं शनिवार को 1100 मरीज का निशुल्क इलाज किया जा चुका है।

शिविर-प्रभारी डॉ. महेश मीना व डॉ.जीतेश कुमार शर्मा ने बताया की दस दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर मे अर्श (मस्सा), भगन्दर (फिस्टूला), परिकर्तिका (फिशर), नाडीव्रण (साईनस) एवं गुदा की समस्त बीमारियो व सामान्य बीमारियो का इलाज विशेषज्ञ वैद्यो द्वारा किया जा रहा है तथा निःशुल्क दवाई व ऑपरेशन किए जा रहे हैं। अब तक 1100 मरीजो का पंजीकरण कर निःशुल्क दवाई दी गई जिनमें से 150 मरीजो की स्क्रीनिंग कर 91 मरीजों की सफल शल्य चिकित्सा की जा चुकी है। शिविर में मरीजों को रोहिताश शर्मा अमोलक नगर ने फल वितरण किया जिसमें पृथ्वीराज गुर्जर कनिष्ठ अभियंता नगर पालिका महुवा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. राजकुमार मीना ने बताया कि निशुल्क चिकित्सा शिविर 3 जनवरी 2026 तक राजकीय टीकाराम पालीवाल सी.सै. स्कूल मे चलेगा शिविर मे राजस्थान के प्रसिद्ध डॉक्टर कमलेश शर्मा सर्जन,डा. उपेन्द्र (सर्जन), डॉ. विमलेश जैमन, डॉ. जितेश शर्मा, डॉ महेश मीणा, डॉ राजकुमार मीणा जैसे योग्य आयुर्वेदिक चिकित्सकों द्वारा निशुल्क इलाज किया जा रहा है जिसका अधिक से अधिक आमजन लाभ उठाएं।

इस अवसर पर महुवा नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता पृथ्वीराज गुर्जर,गो पुत्र सेना के राष्ट्रीय सचिव गौ पुत्र अवधेश अवस्थी, मनोज गुर्जर भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष, रोहिताश शर्मा सीता गुप्ता, सहित समाज सेवी, रोगी व उनके परिवार जन शिविर में उपस्थित रहे।

बडियाल कला को पंचायत समिति बनाने की मांग को लेकर 34वें दिन भी धरना जारी रहा, प्रशासन को तीन दिन का अल्टीमेटम

महापड़ाव की चेतावनी, 34वें दिन काली पट्टी बांधकर जताया विरोध, बंद रहे कस्बे के बाजार

स्मार्ट हलचल

बांदीकुई। बडियाल कलां क्षेत्र में उप-तहसील कार्यालय के पास पंचायत समिति की मांग को लेकर चल रहा धरना प्रदर्शन शनिवार को 34वें दिन भी जारी रहा। ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर प्रशासन को तीन दिन का अंतिम अल्टीमेटम दिया है। चेतावनी दी गई है कि यदि तय समय में मांगें नहीं मानी गईं, तो दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के पास महापड़ाव सहित उग्र आंदोलन किया जाएगा। धरना स्थल पर बैठे आंदोलनकारी ने आज काली पट्टी बांधकर भी विरोध जताया। उप-तहसील कार्यालय के पास चल रहा धरना प्रदर्शन 34वें दिन भी जारी रहा।

प्रशासन को तीन दिन का अंतिम अल्टीमेटम

आंदोलन की गंभीरता को देखते हुए

प्रशासन अलर्ट पर है। तहसीलदार और उप जिला कलेक्टर ने धरना स्थल का दौरा किया। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। दिल्ली-मुंबई हाईवे के आसपास भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। आंदोलन के समर्थन में बडियाल कलां और आसपास के गांवों-कस्बों के बाजार पूरी तरह बंद रहे। हजारों की संख्या में ग्रामीण धरना स्थल पर पहुंचे, जिससे प्रदर्शन को व्यापक जनसमर्थन मिला। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

गांवों-कस्बों के बाजार पूरी तरह बंद रहे

धरना स्थल पर आयोजित जनसभा को भगवान सहाय सैनी, गुठल कांवर, विश्राम सरपंच, चतर सिंह बांसड़ा, देवराज चाड, मीडिया प्रभारी पवन भजाक, समय सिंह बांसड़ा, तारा चंद सैनी और गुलाब सिंह कुशवाह ने संबोधित किया। वक्ताओं ने प्रशासन पर मांगों को टालने का आरोप लगाते हुए तत्काल समाधान की मांग की। धरना स्थल पर बैठे आंदोलनकारी ने आज काली पट्टी बांधकर भी विरोध जताया।

उग्र आंदोलन की चेतावनी

प्रशासन ने संघर्ष समिति से चर्चा कर तीन दिन का समय मांगा था। इस पर सभी पंचायतों की सर्वसम्मति से समिति ने प्रशासन को यह अंतिम अल्टीमेटम दिया। समिति ने स्पष्ट किया है कि समय सीमा में समाधान न होने पर दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के पास महापड़ाव सहित उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान समय सिंह बांसड़ा ने पुनः भूख हड़ताल की घोषणा की, लेकिन संघर्ष समिति ने आंदोलन रणनीति को ध्यान में रखते हुए इसकी अनुमति नहीं दी। संघर्ष समिति के अध्यक्ष सियाराम रलावता ने बताया कि विधायक, प्रशासन और सरकार तीनों से लगातार वार्ता चल रही है। उन्होंने कहा कि आंदोलन शांतिपूर्ण तरीके से जारी रहेगा और आंदोलनकारियों से किसी भी बहकावे में न आने और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

सुबह की भोर में पुलिस ने की खानाबदोशों परिवारो की जांच पड़ताल

थाना क्षेत्र में चलाया सर्चिंग अभियान

स्मार्ट हलचल

नाहरगढ़। पुलिस ने जिले भर में बाहरी प्रदेशों व जिले से आने वाले खानाबदोश परिवारों और कबाड़ियों के खिलाफ जांच अभियान शुरू किया है। एसपी अभिषेक अंडासू के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में कार्रवाई की जा रही है।

इस जांच अभियान के चलते नाहरगढ़ थाना सीआई कमलसिंह ने शनिवार की प्रातः काल की भोर भोर होते खानाबदोशों परिवारो की झुग्गी टापरियो में दबिश देकर जांच पड़ताल की। पुलिस को आशंका है कि बाहरी प्रदेशों व जिलों से आने वाले कुछ खानाबदोश परिवार चोरी और लूट की वारदातों में संलिप्त हो सकते हैं।

पुलिस के अनुसार इन परिवारों की महिलाएं दिन में गली-मोहल्लों और घरों की रेकी करती हैं, जिसके बाद पुरुष रात में वारदातों को अंजाम देते हैं। अभियान के तहत समेत थाना क्षेत्र के गांवों में निवासरत डेरों की तलाशी ली जा रही है। सीआई कमलसिंह ने बताया कि नाहरगढ़ में खानाबदोश यह तीन परिवार जिले के तलावड़ा गांव के हे जो प्लास्टिक बेग व रेडियम पेपर बेचने का कार्य करते हैं। पुलिस ने सभी खानाबदोश परिवारों के मुसाफिरी दस्तावेजों की भी जांच भी की है। थानाधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत कबाड़ियों की दुकानों के लाइसेंस और खरीदे गए सामान की भी जांच की जाएगी।

उत्साह के साथ मनाया पौष बड़ा उत्सव

स्मार्ट हलचल

बारां। महर्षि गौतम महिला मंडल की ओर से गौतम सभाभवन में पौष बड़ा महोत्सव मनाया गया। जिसमें मंडल की सदस्यों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

मीडिया प्रभारी भगवती शर्मा ने बताया कि उत्सव में श्रीकृष्ण को बड़ों का भोग लगाते हुए विभिन्न सांस्कृतिक व खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया। कुर्सी दौड़, भजन व नृत्य सहित अन्य गतिविधियों में महिलाओं ने उत्साह दिखाया। कुर्सी दौड़ में गिरिजा प्रथम, हेमलता द्वितीय रही। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष हेमलता गौतम, महामंत्री शकुंतला गौतम, मण्डल अध्यक्ष सन्तोष गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष रश्मि गौतम, स्नेहलता, शिवानी गौतम, मनीषा गौतम, वीणा, पूर्ति, अनिता, मंजू, रानू, रानी, पार्वती, गिरजा, अर्णिमा, नीलिमा, अनुपमा, संतोष, प्रियंका, पदमा, अंजना गौतम ने भाग लिया।

नासिक की नेत्र चिकित्सक डॉ. अपर्णा घोटके ने मेडिकल रेटिना नेत्र फैलोशिप की सफलतापूर्वक पूर्ण

तीन वर्षों में देशभर से 23 नेत्र चिकित्सक प्रशिक्षण हेतु पहुँचे सुवि नेत्र चिकित्सालय, कोटा

स्मार्ट हलचल| कोटा

नासिक की प्रतिष्ठित नेत्र चिकित्सक डॉ. अपर्णा घोटके ने सुवि नेत्र चिकित्सालय एवं लेसिक लेजर सेंटर, कोटा में मेडिकल रेटिना एवं यूविआइटिस फैलोशिप को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। फैलोशिप के दौरान उन्होंने संस्थान के रेटिना एवं यूविआइटिस विशेषज्ञ डॉ. निपुण बागरेचा के मार्गदर्शन में इनडायरेक्ट ऑफ्थेल्मोस्कोपी, एंटी-वीईजीएफ इंजेक्शन, रेटिनल लेजर फोटोकोगुलेशन, बैराज रेटिनल लेजर सहित अनेक अत्याधुनिक तकनीकों का गहन व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

डॉ. निपुण बागरेचा ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत तीन वर्षों में देश के विभिन्न राज्यों से 23 नेत्र चिकित्सक मेडिकल रेटिना एवं यूविआइटिस फैलोशिप प्रशिक्षण के लिए सुवि नेत्र चिकित्सालय, कोटा आ चुके हैं। यह संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता, विशेषज्ञता एवं राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाता है।

सुवि नेत्र चिकित्सालय एवं लेसिक लेजर सेंटर, कोटा के निदेशक एवं वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. सुरेश पाण्डेय, डॉ. विदुषी शर्मा, डॉ. एस. के. गुप्ता एवं डॉ. डिम्पल भाकुनी ने बताया कि फैलोशिप कार्यक्रम के अंतर्गत चिकित्सकों को फेकिक लेंस इम्प्लांटेशन, टोपिकल फेको मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा, प्रीमियम टोरिक एवं ट्राइफोकल लेंस इम्प्लांटेशन तथा लेसिक लेजर सर्जरी जैसी आधुनिक नेत्र चिकित्सा पद्धतियों का भी प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

फैलोशिप पूर्ण करने के पश्चात डॉ. अपर्णा घोटके ने कहा कि नासिक से कोटा आकर सुवि नेत्र चिकित्सालय के अनुभवी चिकित्सकों से अत्याधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त करना उनके लिए अत्यंत लाभकारी रहा है। वे सीखी गई तकनीकों का उपयोग कर अधिक से अधिक नेत्र रोगियों को बेहतर दृष्टि प्रदान करने हेतु समर्पित भाव से कार्य करेंगी। उन्होंने फैलोशिप स्वीकृति एवं सतत मार्गदर्शन के लिए डॉ. निपुण बागरेचा के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर डॉ. सुरेश पाण्डेय ने डॉ. अपर्णा घोटके को अपनी चर्चित पुस्तकें 'एंटरप्रेन्योरशिप फॉर डॉक्टर्स' तथा 'एक आई सर्जन की डायरीः भारत, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में मेरे अनुभव' भेंट स्वरूप प्रदान कीं।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में हनुमानगढ़ से डॉ. रोहिताश पासवान भी मेडिकल रेटिना एवं यूविआइटिस फैलोशिप प्रशिक्षण हेतु सुवि नेत्र चिकित्सालय, कोटा पहुँचे हैं। वे भी डॉ. निपुण बागरेचा के मार्गदर्शन में रेटिना से संबंधित आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

रवांजना डूंगर स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज कार्य के चलते कुछ ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा

स्टील गर्डर लॉन्चिंग के कारण ट्रैफिक ब्लाक

स्मार्ट हलचल| कोटा

कोटा मंडल के कोटा-सवाई माधोपुर रेलखंड पर स्थित रवांजना डूंगर स्टेशन यार्ड में रविवार, 28 दिसम्बर 2025 को फुट ओवरब्रिज पर स्टील गर्डर लॉन्चिंग का कार्य दोपहर 12:05 बजे से 15:55 बजे तक ट्रैफिक ब्लाक लिया जाएगा जिसके चलते मार्ग में गाड़ी संख्या 59814 (आगरा फोर्ट-कोटा पैसेंजर),गाड़ी संख्या 12465 (इंदौर-भगत की कोठी), 19037 (बांद्रा टर्मिनस-बरौनी जंक्शन) तथा 04001 (मुंबई सेंट्रल-नई दिल्ली) क्रमशः लगभग 2 घंटे 50 मिनट, 2 घंटे 15 मिनट, 2 घंटे और 2 घंटे 30 मिनट विलंब से संचालित होने की संभावना है। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पूर्व गाड़ियों की अद्यतन स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त करें, ताकि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमलिया द्वारा 22 इकाई अध्यक्ष नियुक्त किये

स्मार्ट हलचल

कोटा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं देहात जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक सिमलिया के अंतर्गत ब्लॉक अध्यक्ष गीता मेघवाल ने निम्न ग्राम पंचायत में पंचायत अध्यक्ष की नियुक्ति की जाती है तथा नवनियुक्त अध्यक्ष को निर्देशित किया जाता है कि वह शीघ्र ही अपनी-अपनी कार्यकारिणी का गठन कर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को अवगत करवाये। ब्लॉक अध्यक्ष गीता मेघवाल ने जानकारी देते हुए बताया पंचायतो मे इकाई अध्यक्षों की नियुक्ति से कांग्रेस को मजबूती मिलेगी एवं पंचायत स्तर पर कांग्रेस

मजबूत होगी! भोंरा पंचायत मे बलराम मीणा, चौमा मालियान मे दीपक मीणा भटीपुरा मे अजुमुद्दीन पठान को इकाई अध्यक्ष बनाया गया। कांग्रेस ने 22 इकाई अध्यक्ष को जिम्मेदारी सौपी है।

रूद्रप्रताप राष्ट्रीय एयर राईफल प्रतियोगिता में करेंगें राजस्थान का प्रतिनिधित्व

चित्तौड़गढ़। बेगूं क्षेत्र के ग्राम बिछोर निवासी व वर्तमान में देहली पब्लिक स्कूल निम्बाहेड़ा में अध्ययनरत छात्र रूद्रप्रताप सिंह चुण्डावत का मध्यप्रदेश में आयोजित होने वाली 89 वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकुद प्रतियोगिता (छात्र-छात्रा) 14 वर्ष आयुवर्ग में 10 मीटर एयर पीप साईट राइफल शूटिंग प्रतियोगिता के लिए राजस्थान की टीम में चयन हुआ है।

जानकारी के अनुसार राजस्थान टीम का दल राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जाणियो की ढाणी, पंचायत समिति लूणी, जोधपुर से आगामी 2 जनवरी 2026 को बिसनखेड़ी अकादमी, शारदा विहार बाल भवन मध्यप्रदेश में आयोजित होने वाली 89 वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकुद

प्रतियोगिता (छात्र-छात्रा) 14 वर्ष आयुवर्ग के लिए रवाना होगी। गौरतलब है कि छात्र रूद्रप्रतापसिह के पिता विजयसिंह चुण्डावत वंडर सीमेंट निम्बाहेड़ा में मैनेजर पद पर कार्यरत है तथा उन्होने अपने पुत्र को पढ़ाई के साथ एयर राईफल में भी पारंगत करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। छात्र रूद्रप्रतापसिंह चुण्डावत के राजस्थान टीम में चयन होने पर समाजजनो, परिवारजनो व खेलप्रेमियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

अरावली बचाने के लिए कांग्रेस पर्यावरण प्रकोष्ठ ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

स्मार्ट हलचल

चित्तौड़गढ़। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी पर्यावरण प्रकोष्ठ के निर्देशन में चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने हस्ताक्षर कर किया।

चित्तौड़गढ़ पर्यावरण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कमल गुर्जर ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील पारीक के निर्देशन मे अभियान की शुरुआत की गई। उन्होंने कहा कि अरावली बचाओ अभियान के तहत अरावली पर्वतमाला के संरक्षण की माँग

को बुलंद किया जाएगा। अरावली हमारी बारिश, भूजल, हरियाली और जीवन की रक्षक है। इसे कमजोर करने वाले किसी भी निर्णय का पुरज़ोर विरोध किया जाएगा इसी कड़ी के तहत हस्ताक्षर अभियान की कलेक्ट्री चौराहे पर लगाए गए होल्डिंग्स पर पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने शुरुआत की। इस अवसर पर प्रदेश सचिव रणजीत लोठ, संगठन महामंत्री महेंद्र शर्मा, शहर अध्यक्ष अनिल सोनी, ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम जाट, रमेशनाथ योगी, नगेंद्र सिंह राठौड़, राजदीप सिंह राणावत, राजवीर सिंह जाड़ावत, पार्षद प्रत्याशी कैलाश भूतड़ा, शंभुलाल प्रजापत, नवरतन जीनगर, रामेश्वर बैरवा, राकेश घारू, गेहरुगिरी गोस्वामी, नितिन वर्मा, गणेशलाल जाटोलिया, गजानंद शर्मा सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पुलिस नें फायरिंग के मुख्य आरोपी महिपाल गुर्जर का सरेबाजार जुलुस निकाला

स्मार्ट हलचल | बानसूर

स्थानीय थाना पुलिस ने फायरिंग के मामले में मुख्य आरोपी महिपाल उर्फ एम पी गुर्जर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 26 नवंबर की शाम को बानसूर के हरसौरा रोड़ पर गैंगवॉर को लेकर फायरिंग की थी। डीएसपी मेघा गोयल ने बताया कि 26 नवंबर की शाम को हरसौरा रोड़ पर गैंगवॉर को लेकर दो गुटों में गाड़ी से कुचलने और फायरिंग की घटना हुई थी। जिसको लेकर पुलिस ने आज घटना के मुख्य आरोपी महिपाल उर्फ एम पी गुर्जर को हमीरपुर की पहाड़ियों से महिला के कपड़ों में गिरफ्तार किया है। बदमाश पुलिस से बचने के लिए एक माह से फरारी काट रहा था और अलग - अलग जगह पर छुप रहा था। पुलिस ने बदमाश के ऊपर 25 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया था।डीएसपी ने बताया कि मामले में पुलिस ने महिपाल गुर्जर के तीन साथियों को

पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। बदमाश में करीब 8 आपराधिक मामले दर्ज है। बता दें कि 26 नवंबर की शाम को करीब 6 बजे हरसौरा रोड़ पर विनोद पोसवाल और महिपाल गुर्जर उर्फ एम पी गुर्जर ने अपने साथियों के साथ आपराधिक घटना को अंजाम दिया था। जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। जिसमें विनोद पोसवाल और उसके साथियों ने होटल से बाहर निकल रहे महिपाल उर्फ एम पी गुर्जर और उसके साथियों को थार गाड़ी से कुचलने का प्रयास किया था। इस दौरान महिपाल गुर्जर ने फायरिंग कर दी थी।

23 साल से फरार घोषित अपराधी गिरफ्तारः पुलिस ने हरियाणा से दबोचा, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट में मामले दर्ज

स्मार्ट हलचल

ब्यावर। ब्यावर सदर थाना पुलिस ने 23 साल से फरार घोषित एक अपराधी को हरियाणा से गिरफ्तार किया है। यह अपराधी हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के मामले में वांछित था। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर के निर्देशानुसार वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत की गई।

पुलिस के अनुसार कल्ला उर्फ

कश्मीरा सिंह (50) पुत्र वैधप्रकाश निवासी शफीपुर (ठिठ), थाना बैरी, जिला झज्जर, हरियाणा को 27 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया। वह थाना ब्यावर सदर के प्रकरण में धारा 307 भारतीय दंड संहिता और आर्म्स एक्ट के तहत वांछित था।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा और पुलिस उप अधीक्षक राजेश कसाणा के निर्देशन में पुलिस निरीक्षक गजराज सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने लगातार प्रयास, तकनीकी और स्थानीय सूचनाओं के संकलन के बाद फरार आरोपी की लोकेशन का पता लगाया।आरोपी घटना के बाद से ही फरार था और लगातार पुलिस की पकड़ से बच रहा था। लंबे समय से उसकी तलाश की जा रही थी। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया है, जहां आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

ब्यावर में वीआईपी मूवमेंट से प्रशासन अलर्ट मोड पर

स्मार्ट हलचल

ब्यावर। ब्यावर राजस्थान सरकार की राज्य मन्त्री डॉ मंजू बाघमार के पिताश्री श्री विशनलाल बाघमार के निधन की शोक बैठक मे शरीक होने के लिये प्रतिदिन राज्य के वीआईपी नेताओं का ब्यावर मे ताता लगा हुआ है । डॉ बाघमार के पैतृक निवास स्थान शाहपुरा मोहल्ला भाभियान हौद पर लाल बत्ती की कारो की आवाजाही हब में तब्दील हो गई है। वीआईपी मूवमेंट को देखते हुए प्रशासन ने ट्रेफ़िक की विशेष व्यवस्था की गई है शहीद बाल विहार गार्डन के बाहर बैठने वाले सब्ज़ी वालों को अन्यत्र शिफ्ट किया गया है चाँगगेट से सब्ज़ी के ठेलों पर भी नियन्त्रण किया गया है । इस मार्ग पर सब्ज़ी विक्रेताओं के कारण काफ़ी जाम लगा रहता था । चाँगगेट से शाहपुरा मोहल्ला तक ट्रेफिक पुलिस की तैनाती की गयी है ।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संभावित विजिट को देखते हुए हेलिपेड को भी दुरुस्त कराया गया है । डॉ मंजु बाघमार जायल विधानसभा की विधायक होने के कारण नागौर जिले के नेताओं ओर कार्यकर्ताओं का आना जाना जारी है । आज सूबे की उप-मुख्यमन्त्री दियाकुमारी शोक संवेदना व्यक्त करने ब्यावर आयेगी । पिछले तीन दिनों मे केबिनेट मंत्रीयो सहित अनेक प्रदेश के विधायकों ने बैठक में शिरकत कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजली अर्पित की।

16 क्विंटल जब्तशुदा अवैध डोडा पोस्त एवं 17 ग्राम स्मैक जलाकर नष्ट, 08 पुलिस थानों के 21 एनडीपीएस प्रकरणों में की गई नष्टीकरण की कार्रवाई

स्मार्ट हलचल

ब्यावर। ब्यावर राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान के तहत शनिवार को ब्यावर जिले में बड़ी कार्रवाई की गई। जिले के विभिन्न पुलिस थानों में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामलों में जब्त किए गए अवैध मादक पदार्थों का विधिवत नष्टीकरण किया गया।

जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर रतन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार तथा माननीय

न्यायालय से आदेश प्राप्त होने के पश्चात जिले के 08 पुलिस थानों के कुल 21 प्रकरणों में जब्त अवैध मादक पदार्थों का निस्तारण किया गया। इस दौरान करीब 16 क्विंटल अवैध डोडा पोस्त एवं 17 ग्राम स्मैक को नियमानुसार जलाकर नष्ट किया गया। यह नष्टीकरण कार्रवाई ब्यावर शहर के बाहर निर्धारित सुरक्षित स्थल पर गठित नष्टीकरण समिति की निगरानी में सम्पन्न हुई। समिति के अध्यक्ष जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर रतन सिंह रहे, जबकि सदस्य के रूप में अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर भूपेन्द्र शर्मा तथा उप निरीक्षक अपराध सहायक/रिजर्व सहित संबंधित थाना अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यवाही के दौरान सभी जब्त मादक पदार्थों को श्रीसीमेंट फैक्ट्री, ब्यावर परिसर में लाकर नियमानुसार नष्ट किया गया। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी करवाई गई, ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी तरह सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

सलमान खान के साथ नजर आए एमएस धोनी और एपी ढिल्लो

बॉलीवुड, क्रिकेट और म्यूजिक- तीनों दुनियाओं के दिग्गज जब एक ही फ्रेम में नजर आ जाएं, तो फैंस का एक्साइटेड होना लाजमी है। कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जब हाल ही में एक थ्रोबैक तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई, जिसमें सलमान खान, महेंद्र सिंह धोनी और मशहूर सिंगर एपी ढिल्लों एक साथ नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर सलमान खान के पनवेल फार्महाउस की है और इसे उनके जीजा अतुल अग्निहोत्री ने शेयर किया है। सलमान, धोनी और एपी की थ्रोबैक तस्वीर यह खास तस्वीर सलमान खान के 60वें जन्मदिन से पहले शेयर की गई, जिसने फैंस के बीच जबरदस्त हलचल मचा दी। फोटो में तीनों सितारे पूरी तरह कीचड़ से सने हुए दिखाई दे रहे हैं, लेकिन उनके चेहरे पर मुस्कान और बॉन्डिंग साफ झलक रही है। बताया जा रहा है कि यह तस्वीर एक ऑल-टेरेन व्हीकल (ATV) राइड के बाद की है, जिसमें तीनों ने फार्महाउस में जमकर मस्ती करने के बाद एक साथ पोज दिया। तस्वीर में सलमान खान दाईं ओर खड़े नजर आते हैं, जबकि बाईं ओर भारतीय क्रिकेट के सबसे सफल कप्तानों में शुमार एमएस धोनी दिखाई देते हैं। बीच में पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री के सुपरस्टार एपी ढिल्लों हैं। सलमान के कई दोस्त अब तक आ चुके नजर पनवेल स्थित सलमान खान का फार्महाउस लंबे समय से उनके करीबी दोस्तों और परिवार के लिए सुकून भरी जगह रहा है। यहां अक्सर निजी गेट-टुगेदर, बर्थडे सेलिब्रेशन और दोस्तों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने की तस्वीरें सामने आती रहती हैं। हालांकि, इस बार की खासियत यह रही कि इस फ्रेम में सिनेमा, खेल और म्यूजिक- तीनों फील्ड के बड़े नाम एक साथ नजर आए। फैंस ने तस्वीर पर लुटाया प्यार अतुल अग्निहोत्री द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर की गई इस तस्वीर पर फैंस ने जमकर प्यार लुटाया। कई यूजर्स ने इन तीनों दिग्गजों को देखने के बाद कमेंट्स किए। एक यूजर ने लिखा, 'सलमान खान और एमएस धोनी एक साथ- ये फ्रेम ही इतिहास है।' वहीं दूसरे फैन ने कहा, 'कीचड़ में भी भाईजान, माही और एपी ढिल्लों सुपरस्टार ही लग रहे हैं।'

'मिजार्पुरः द फिल्म' की शूटिंग जोरों पर, अली फजल ने राजस्थान को कहा 'दिल से शुक्रिया'

लोकप्रिय वेब सीरीज 'मिजार्पुर' ने पहले सीजन से ही दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। यही वजह है कि दर्शकों ने इसके सारे सीजन को दिल से प्यार दिया है। जल्द ही 'मिजार्पुरः द फिल्म' दर्शकों के सामने दस्तक देगी। इसकी शूटिंग राजस्थान में चल रही है। अभिनेता अली फजल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वे अपने किरदार गुड्डू भैया के किरदार में चलते नजर आ रहे हैं। पोस्ट कर उन्होंने लिखा, "'मिजार्पुरः द फिल्म' की शूटिंग इस समय जारी है और राजस्थान का शेड्यूल चल रहा है। खास तौर पर जैसलमेर और जोधपुर के लोगों का दिल से धन्यवाद। आपने हमें बहुत प्यार और अपनापन दिया। साथ ही परिवार जैसा समझा।" उन्होंने आगे लिखा, "उन सभी होटलों का भी धन्यवाद जिन्होंने हमें घर जैसा महसूस कराया जब हम अपने घर से दूर मेहनत कर रहे थे। खम्मा घणी।" पोस्ट देखकर फैंस के मन में उत्साह की लहर दौड़ गई। वे अब इस प्रोजेक्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि इस सीरीज के पहले सीजन ने फैंस को दीवाना बना दिया था। कालीन भैया (पंकज त्रिपाठी), गुड्डू पंडित (अली फजल) और मुन्ना त्रिपाठी (दिव्येंदु) जैसे किरदारों ने फैंस के दिलों में खास पहचान बनाई थी, जो आज भी उस तरह बरकरार है। बताया जा रहा है कि 'मिजार्पुर' फिल्म में दमदार एक्शन और गद्दी के लिए लड़ते बाहुबलियों का संसार दिखाया जाएगा। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी। इसमें कालीन भैया के रूप में पंकज त्रिपाठी, गुड्डू के रूप में अली फजल और मुन्ना के रूप में दिव्येंदु शर्मा जैसे कलाकार दिखाई देंगे। वेब सीरीज 'मिजार्पुर' का पहला सीजन 16 नवंबर, 2018 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुआ था, जिसे दर्शकों ने खूब प्यार दिया था। सीरीज की दीवानियत को देखते हुए मेकर्स ने इसका दूसरा सीजन 23 अक्टूबर, 2020 को स्ट्रीम किया था और 5 जुलाई, 2024 को अमेजन प्राइम वीडियो पर इसका तीसरा पार्ट रिलीज किया गया था।

'धुरंधर' में अपने भयानक किरदार को लेकर क्या सोचते हैं अर्जुन रामपाल? खुद किया बड़ा खुलासा

आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही है। यह इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में शामिल हो चुकी है। रणवीर सिंह की अदाकारी वाली इस फिल्म में अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर. माधवन जैसे दमदार कलाकार नजर आ रहे हैं। अपनी मजबूत कहानी, जबरदस्त अभिनय और बेहतरीन म्यूजिक की वजह से इसे पूरे देश में दर्शकों का प्यार मिल रहा है।'धुरंधर' में अर्जुन रामपाल की भूमिका फिल्म में अर्जुन रामपाल ने मेजर इकबाल का किरदार निभाया है, जो एक निर्दयी आईएसआई मास्टरमाइंड है। उनके इस रोल को लेकर काफी तारीफ हो रही है। ग्रेजिया इंडिया से बातचीत में अर्जुन रामपाल ने बताया कि इस तरह का किरदार निभाना उनके लिए भावनात्मक रूप से काफी मुश्किल था। वह शूटिंग खत्म होते ही इस रोल से बाहर आना चाहते थे। किरदार से बाहर आना चाहते थे अर्जुन रामपाल अर्जुन रामपाल ने कहा 'मैं इस किरदार से जितनी जल्दी हो सके बाहर निकलना चाहता था। यह फिल्म करना इसलिए भी जरूरी था क्योंकि यह एक अहम कहानी पर बनी है। किसी घटना को बाहर से देखना अलग बात है, लेकिन पर्दे के पीछे क्या हुआ, उसे दिखाना ज्यादा रोमांचक होता है। शूटिंग के दौरान मुझे बहुत बुरा लगता था क्योंकि मैं अपने देश से बहुत प्यार करता हूं, लेकिन यही एक अभिनेता का काम होता है और उसे उस किरदार में पूरी तरह उतरना पड़ता है।' अगले साल रिलीज होगा सीक्वल 'धुरंधर' में भारत के स्पेशल एजेंट्स की बहादुरी दिखाई गई है। रणवीर सिंह इसमें एक निडर अंडरकवर जासूस की भूमिका में नजर आ रहे हैं। 5 दिसंबर 2025 को रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अब तक 589 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है। इस फिल्म का सीक्वल मार्च 2026 में रिलीज होगा।

छह साल बाद टीवी पर लौटीं निया शर्मा

निया शर्मा, पूरे 6 साल बाद जी टीवी पर वापसी कर रही हैं। और यह वापसी निया शर्मा जी टीवी साल 2026 का स्वागत 'जी रिश्तों का मेला' न्यू ईयर स्पेशल के साथ कर रही हैं । अपने अनुभव को साझा करते हुए निया ने कहा, 'जी टीवी पर वापस आना मेरे लिए बहुत खास है। जब मैंने 'जमाई राजा' के साथ जी जॉइन किया था, तब मैं सिर्फ 23 साल की थी। आज 13 14 साल बाद ऐसा लग रहा है जैसे ज़िंदगी एक पूरा चक्कर लगाकर वापस उसी जगह आ गई हो। लोग आज भी मुझे रोशनी के नाम से जानते हैं और यही बताता है कि इस शो और इस चैनल ने मुझे कितना कुछ दिया है।'निया ने यह भी बताया कि जिस तरह से उनका स्वागत किया गया, उसने उन्हें हैरान कर दिया। जी परिवार के एक अपने सदस्य की तरह उन्हें अपनाया गया और पूरे कलाकारों के साथ करीब सात मिनट की लंबी परफॉर्मेंस करना, यह सब उनके लिए बेहद खास रहा। निया ने आगे कहा,'किसी भी इंसान के लिए सम्मान सबसे जरूरी होता है और जी ने मुझे वही एहसास दिया। बिल्कुल परिवार जैसा। मैंने कभी नहीं सोचा था कि इतने सालों बाद भी मुझे इतना प्यार मिलेगा। इन शोज ने हमें हमारी पहचान दी है और इतनी कम उम्र में मुझ पर भरोसा करने के लिए मैं हमेशा जी की आभारी रहूंगी। 'जी रिश्तों का मेला' न्यू ईयर स्पेशल में निया सिर्फ एक परफॉर्मेंस तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि वो जी परिवार के साथ मिलकर एक बड़े म्यूज़िकल सेलिब्रेशन का हिस्सा बनेंगी। यह शाम जी टीवी के पुराने फेस्टिव जश्नों की याद दिलाएगी। निया ने बताया कि इस खास शाम में मस्ती भरी परफॉर्मेंस, पुराने चेहरों की मुलाकात, हंसी मजाक और कई ऐसे पल होंगे, जो दर्शकों को लंबे समय तक याद रहेंगे।

नया साल-नई शुरुआत, एक्टर्स ने अपने 2026 के संकल्प बताए

कलर्स के 'मन्नत हर खुशी पाने की' की आयशा सिंह ने बताया, 'जैसे कि हम 2025 को अलविदा कह रहे हैं, शुक्रगुजार होने के लिए बहुत कुछ है। मुझे लगता है कि हम सभी को अपने लिए समय देना चाहिए और अपनी फिजिकल और मेंटल हेल्थ पर ध्यान देना चाहिए। उम्मीद है कि 2026 में हम जिंदगी की छोटी-छोटी खुशियों को अपनाएँगे और बड़ी पिक्चर पर भी फोकस रखेंगे। मैं सभी को नए साल की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ देती हूँ।कलर्स के 'मंगल लक्ष्मी' में मंगल का किरदार निभाने वाली दीपिका सिंह ने बताया, 'यह साल मेरी जिंदगी का एक असली टर्निंग पॉइंट जैसा लगता है, जिसमें ऐसे पल आए जिन्हें मैं हमेशा याद रखूँगी। जॉर्जिया में शूटिंग ने दर्शकों के लिए मंगल के किरदार को निभाने में एक नया आयाम जोड़ा। फराह खान मैम के साथ स्क्रीन शेयर करना एक और यादगार पल था; उनके साथ काम करने से मुझे अपने काम में नई सोच और प्रेरणा मिली। जैसे ही मैं नए साल में कदम रख रही हूँ, मैं संतुष्टि और आत्मविश्वास के साथ ऐसा कर रही हूँ, यह जानते हुए कि दर्शक और फैंस मेरे साथ हैं। मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूँ कि 'मंगल लक्ष्मी' आगे कहाँ जाती है और दर्शक उसकी यात्रा को कैसे देखते रहते हैं। वर्तमान पल का आनंद लें, एक-दूसरे का ख्याल रखें, और परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताएँ। माफ करें, भूल जाएँ, और आगे बढ़ें - यही मेरा मंत्र है। सभी को खुशी, तरक्की और यादगार पलों से भरे साल की शुभकामनाएँ।ह्व कलर्स के 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' की ईशा सिंह कहती हैं, 'साल का अंत मेरे लिए हर मायने में कलरफुल रहा है। 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' और 'नागिन 7' का हिस्सा होने से यह पक्का हो गया है कि मैं साल का अंत शानदार तरीके से कर रही हूं। 'लाफ्टर शेफ्स' की शूटिंग मेरे हफ्ते का सबसे खास हिस्सा है। सेट पर एनर्जी बहुत जबरदस्त होती है - पूरी टीम इतना जोश लाती है कि हर शूट पर हंसी की थेरेपी जैसा लगता है। जो बात मुझे सबसे ज्यादा हैरान करती है, वह यह है कि मैं खुद कुकिंग को कितना एन्जॉय कर रही हूं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं नए साल में डिशेज बनाते हुए, कुक-ऑफ का सामना करते हुए और इतने जोश के साथ चुनौती को अपनाते हुए आगे बढ़ूंगी। दर्शकों का प्यार बहुत ज्यादा और मोटिवेट करने वाला रहा है, और यह मुझे अपना बेस्ट देने के लिए प्रेरित करता है। मैं 2026 के कुक-ऑफ में हिस्सा लेने और 'डिनर-टेनमेंट' का अपना वर्जन पेश करने के लिए उत्साहित हूं। जैसे ही साल बदलेगा, मेरी उम्मीद है कि जिन लोगों का समय मुश्किल रहा है, उन्हें आने वाले दिनों में शांति, खुशी और एक नई शुरूआत मिले।'

'रिश्तों का मेला' को होस्ट करना मेरे लिए सच में बहुत खास था

जी रिश्तों का मेला एक बार फिर लौट आया है और इस बार जी कुटुंब 2026 का स्वागत बेहद भव्य और खास अंदाज में करने के लिए पूरी तरह तैयार है। न्यू ईयर स्पेशल में जी टीवी के वो किरदार एक साथ नजर आएंगे, जिन्हें दर्शक सालों से पसंद करते आए हैं। ये शाम मनोरंजन, अपनापन और ढेर सारी खुशियां लेकर आएगी। 31 दिसंबर को ऑन एयर होने वाला 'जी रिश्तों का मेला : न्यू ईयर स्पेशल' मस्ती, म्यूज़िक और यादगार पलों से सजा एक शानदार सेलिब्रेशन साबित होगाइस पूरे सेलिब्रेशन को और खास बनाती हैं श्रद्धा आर्य, जो इस न्यू ईयर स्पेशल को जय भानुशाली के साथ होस्ट करती नजर आएंगी। कुंडली भाग्य में प्रीता के अपने यादगार किरदार के लिए घर-घर में पहचानी जाने वाली श्रद्धा आज भी दर्शकों के दिलों में एक खास जगह रखती हैं।अपने अनुभव साझा करते हुए श्रद्धा आर्य कहती हैं, 'एक मां होने की जिम्मेदारी निभाने और शूटिंग के बीच बैलेंस बनाना मेरे लिए एक खूबसूरत सीख रहा है। कुछ दिन ऐसे होते हैं जब सब थोड़ा भारी लगने लगता है और सेट पर रहते हुए बच्चों की बहुत याद आती है। शूटिंग करते वक्त भी दिल का एक हिस्सा हमेशा उनके साथ रहता है। लेकिन जब लंबे दिन के बाद घर लौटती हूं और बच्चे मुझे कसकर गले लगाते हैं, तो सारी थकान पल भर में गायब हो जाती है। वही पल मुझे याद दिलाता है कि मैं दोनों दुनियाओं को साथ संभालने की कोशिश क्यों करती हूं। घर और सेट, दोनों जगह से मिलने वाला प्यार और सपोर्ट मेरे सफर को आसान बना देता है। जी टीवी की टीम के साथ शूट करना सच में काम को आसान बना देता है। वे मेरी जर्नी समझते हैं, मेरे वक्त की कद्र करते हैं और वही सुकून मेरी परफॉर्मेंस में भी झलकता है। जी रिश्तों का मेला 2025 को होस्ट करना और जी टीवी फैमिली के साथ न्यू ईयर का स्वागत करना मेरे लिए सच में बहुत खास था। ये बिल्कुल एक बड़े जश्न जैसा लगा, जहां यादें थीं, जोश था और ढेर सारा प्यार था। सबसे प्यारी बात ये है कि आज भी सेट पर लोग मुझे प्रीता ही बुलाते हैं। कई बार तो लगता है जैसे 'कुंडली भाग्य' अभी भी चल रहा है और मैं उसी की शूटिंग कर रही हूं। मुझे प्रीता होना बहुत पसंद है। इस किरदार ने मुझे जो प्यार, पहचान और अपनापन दिया है, वो मेरे लिए हमेशा अनमोल रहेगा।

यामी गौतम ने किए खुलासे, कहा- शादी का कोई फिल्मी प्रपोजल नहीं था

फिल्ममेकर आदित्य धर 'धुरंधर' की कामयाबी से खुश हैं। इसमें रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, संजय दत्त और आर माधवन ने अहम किरदार निभाया है। हाल ही में आदित्य धर की पत्नी यामी गौतम ने अपनी शादी के बारे में कई खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि कैसे उनका रिश्ता बिना किसी फिल्मी ड्रामे के बेहतर बना।'उरी' के सेट पर परवान चढ़ा रिश्ता ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे से बातचीत में यामी गौतम ने बताया कि उनका रिश्ता फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' के वक्त बेहतर हुआ। उन्होंने कहा 'ऐसा कोई फिल्मी प्रपोजल नहीं था कि वह कहें कि हम आपको प्रपोज करने जा रहे हैं। मुझे आदित्य धर की सादगी पसंद आई। मुझे बस ये पता था कि हम शादी करने जा रहे हैं। दोनों के परिवार हमें मिलाना चाहते थे और काफी खुश थे।' किस तरह की शादी चाहती थीं यामी? अभिनेत्री ने बताया 'मैं चाहती थी कि मेरी शादी इस तरह से हो कि कुछ परिवार के लोग हों। हर किसी का आशीर्वाद हो और हमारे आस-पास प्राकृतिक वातावरण हो। मैं चाहती थी कि जहां शादी हो वहां बैकग्राउंड में ऊंचे-ऊंचे देवदार के पेड़ हों, पहाड़ियां हों।' यामी ने किया खुद का मेकअप यामी गौतम ने बताया कि उन्होंने अपनी शादी को इतना आसान बनाया कि उन्होंने खुद का मेकअप किया। उन्होंने कहा 'मैंने अपना मेकअप खुद किया। मुझे लगा कि यह बहुत मुश्किल है, लेकिन यह काम आसान था। सुरीली ने मेरे बाल बनाए।' यामी ने की आदित्य धर की तारीफ आदित्य धर की तारीफ करते हुए यामी गौतम ने कहा 'वह ऐसे आदमी हैं जो आज के दौर में मिलना मुश्किल है। मैं जब 'आर्टिकल 370' का प्रमोशन कर रही थी, तब प्रेग्नेंट थी। उस वक्त आदित्य धर यह पक्का करना चाहते थे कि मैं कम्फर्टेबल रहूं। इसलिए उन्होंने मुझे एक तकिया दिया।' यामी गौतम ने आगे बताया कि जब वह 'उरी' के सेट पर जमीन पर बैठकर खाना खा रही थीं, तब उन्होंने अपनी डायरेक्टर की कुर्सी ऑफर की।

आजतक ऐसे अवतार में नजर नहीं आईं रश्मिका मंदाना

रश्मिका मंदाना ने अब तक अपनी मासूम मुस्कान, चुलबुले किरदारों और रोमांटिक भूमिकाओं से दर्शकों के दिल जीते हैं, लेकिन उनकी आने वाली पैन-इंडिया फिल्म 'मैसा' का टीजर यह साफ कर देता है कि अभिनेत्री अब अपने करियर के एक बिल्कुल नए और साहसी मोड़ पर कदम रख चुकी हैं। हाल ही में रिलीज हुए टीजर में रश्मिका का ऐसा रूप देखने को मिला है, जिसने फैंस और इंडस्ट्री दोनों को चौंका दिया है।टीजर में क्या कुछ आया नजर? टीजर की शुरूआत में ही आवाज सुनाई देती है जो बताती है कि ये कहानी एक ऐसी बेटी की है जो मौत के सामने झुकने से इनकार कर देती है। इसी भावनात्मक पृष्ठभूमि में रश्मिका का किरदार सामने आता है, जिसकी आंखों में गुस्सा, शरीर की भाषा में विद्रोह और चीख में वर्षों का दबा हुआ दर्द झलकता है। टीजर में रश्मिका मंदाना का यह रूप एक ऐसी महिला का है, जिसे हालात ने लड़ना सिखा दिया है। उनका उग्र लुक, मिट्टी से सना चेहरा और आक्रामक अंदाज इस ओर इशारा करता है कि 'मैसा' सिर्फ एक एक्शन फिल्म नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, प्रतिरोध और अस्तित्व की लड़ाई की कहानी है। रश्मिका मंदाना ने साझा किया टीजर सोशल मीडिया पर टीजर शेयर करते हुए रश्मिका ने खुद भी संकेत दिए कि दर्शकों ने अभी इस कहानी की सिर्फ झलक देखी है। उनका कहना था कि यह तो बस शुरूआत है और आने वाले महीनों में फिल्म की असली गहराई सामने आएगी। इससे साफ है कि मेकर्स इस प्रोजेक्ट को धीरे-धीरे परतें खोलते हुए दर्शकों तक ले जाना चाहते हैं। फिल्म मैसा का निर्देशन 'मैसा' का निर्देशन नवोदित निर्देशक रवींद्र पुल्ले कर रहे हैं, जबकि इसे अनफॉर्मूला फिल्म्स के बैनर तले बनाया जा रहा है। यह फिल्म गोंड जनजाति की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर आधारित एक इमोशनल एक्शन थ्रिलर बताई जा रही है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com